वर्ष : 33 | अंक : 184 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल



दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# महायुति के साथ डील हुई सील

**महायुति सीट शेयरिंग के करीब, 186 सीटों पर चर्चा पूरी**

नितिन तोरस्कर | मुंबई

बीजेपी गठबंधन वाली महायुति में 186 सीटों पर फाइनल हो गया है और अब 102 सीटों पर बातचीत चल रही है। शिंदे सेना के एक कैबिनेट मंत्री ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग का फार्मूला महायुति में लगभग तय हो गया है। 102 सीटों पर बातचीत चल रही है। अगले सप्ताह बीजेपी नेता अमित शाह महाराष्ट्र दौरे पर आ रहे हैं। शाह के साथ बैठक के बाद बहुत हद तक सीट शेयरिंग का मामला फाइनल हो जाएगा। संभव है जल्द ही तीनों दल उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दे। दूसरी ओर, महाविकास आघाडी में सीट शेयरिंग पर चर्चा करने के लिए आज शुक्रवार को बैठक बुलाई है।



## बीजेपी के पास 103 विधायक

वर्तमान में महाराष्ट्र विधानसभा में बीजेपी के 103 विधायक हैं। शिंदे सेना के 40 और अजित पवार की एनसीपी के 41 विधायक हैं। वैसे बीजेपी दावा कर रही है कि उसके पास कुछ निर्दलीय व छोटे दलों के भी विधायक है इसलिए वे सीटें उनके खाते में आनी चाहिए। शिंदे सेना 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी दिखाई और लाडली बहना योजना के प्रचार प्रसार भी 80 सीटों पर काम कर रही है। इसी तरह से अजित पवार की पार्टी एनसीपी 60 सीटों पर ध्यान दे रही है। इससे माना जा रहा है कि शिंदे सेना 80 और अजित पवार 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगे। बीजेपी 140 सीटों पर लड़ सकती है। बाकी की बची सीटों पर बीजेपी के सहयोगी दल चुनाव लड़ सकती है।

## MVA की अब तक चार बैठकें

सीट बंटवारे को लेकर महाविकास आघाडी के बीच कई बैठकें हो चुकी है। बुधवार को बैठक हुई थी और अब आज शुक्रवार को फिर बैठक बुलाई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी चेन्निथला भी मुंबई में हैं इसलिए आज की बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वैसे, आघाडी में सीट शेयरिंग की बैठक में शरद पवार की पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील, जितेंद्र आव्हाड और कांग्रेस की ओर से नाना पटोले, बालासाहेब थोरात, नसीम खान शामिल हो सकते हैं। उद्धव सेना की ओर से संजय राउत, अनिल देसाई और अनिल परब के शामिल होने की बात सामने आई है।

**अक्टूबर में ऐलान संभव** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में हो सकती है। अब एक महीने से भी कम समय रह गया है। ऐसे में महायुति और महाविकास आघाडी में सीट शेयरिंग पर बातचीत जारी है। महायुति में शिंदे सेना, अजित पवार की एनसीपी और बीजेपी सहित अन्य दल हैं। सीट शेयरिंग को लेकर तीनों दलों के प्रमुख नेता लगातार बात रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास वर्षा पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार लगातार बैठक करे रहे हैं लेकिन मीडिया को जानकारी देने से बच रहे हैं। वैसे तीनों दलों ने यह फाइनल किया है कि जिसके विधायक जहां पर है वह सीट उस पार्टी के पास ही रहेगी। मुंबई की चंद सीटों की अदला-बदली की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### कोर्ट ने लगाई पुलिस को फटकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने साकीनाका में 4 साल की बच्ची से दुराचार मामले में असंवेदनशीलता को लेकर मुंबई पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम के तहत आने वाले मामलों को लेकर पुलिस का इस तरह का असंवेदनशील रवैये ठीक नहीं है। अदालत ने साकीनाका पुलिस को बच्ची से दुराचार के मामले में जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने साकीनाका पुलिस स्टेशन के उन 5 पुलिसकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, पीड़ित बच्ची के परिजनों के साथ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था और उन्हें यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने से हतोत्साहित किया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ के समक्ष पीड़िता के परिवार की ओर से वकील अमीत कटरनवरे और वकील पूजा डोंगरे की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान पीठ के समक्ष साकीनाका पुलिस स्टेशन के वे पांच पुलिसकर्मी पेश हुए, जिन पर पीड़िता के परिवार से असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप है। पीठ ने पुलिसकर्मियों से पाक्सो मामले में संवेदनशील रवैया अपनाने और अगली सुनवाई पर जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

### हिंसा की आग में महाराष्ट्र, नंदुरबार में तोड़फोड़ और आगजनी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव से जुड़ी घटनाएं बढ़ती दिख रही हैं। भिवंडी (ठाणे जिला), बुलढाणा, अकोला के बाद आज (19 सितंबर) नंदुरबार में हिंसा भड़क उठी। आदिवासी बहुल नंदुरबार में दो समुदायों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को एक धार्मिक जुलूस के बाद दो गुटों में विवाद हो गया। इसके बाद आगजनी और पथराव शुरू हो गया। समय रहते पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। महाराष्ट्र में पिछले तीन दिनों में हिंसा की गुरुवार को चौथी घटना सामने आई है। गुरुवार को नंदुरबार के मालीवाड़ी इलाके में ईद-ए-मिलाद के जुलूस के दौरान भारी उपद्रव हुआ। इस दौरान हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए। उपद्रवियों ने पथराव के बाद आगजनी भी की। इतना ही नहीं बेकाबू भीड़ ने सड़क पर खड़े वाहनों को भी निशाना बनाया और कुछ घरों को भी नुकसान पहुंचाया। हालात को संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पूरे शहर में पुलिस बल तैनात है और लगातार पुलिस की टीमें गश्त कर रही हैं।

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 91,000 |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,550 |

**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 31.3-28.0 | 74% |

सूर्यास्त शुक्रवार 06:36 बजे
सूर्योदय शनिवार 06:27 बजे

# पीएम मोदी का महाराष्ट्र दौरा आज

**विश्वकर्मा कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा, महिलाओं और युवाओं को देंगे बड़ी सौगात**

दीपक पवार | मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 सितंबर को महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे। जहां वह राष्ट्रीय 'पीएम विश्वकर्मा' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के तहत प्रगति के एक वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। पीएम मोदी कई विकास और स्टार्ट-अप योजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे। साथ ही वह महाराष्ट्र के अमरावती में मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे।



## सुबह करीब 11:30 बजे वर्धा पहुंचेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे महाराष्ट्र के वर्धा पहुंचेंगे। जहां वह पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और लोन जारी करेंगे। साथ ही वह इसके एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी आचार्य चाणक्य कौशल विकास योजना और पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर महिला स्टार्ट-अप योजना का भी शुभारंभ करेंगे।

## महिलाओं और युवाओं को देंगे बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री महाराष्ट्र सरकार की आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके जरिए 15 से 45 साल के युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और रोजगार के विभिन्न अवसरों तक पहुंच सकें। राज्य में करीब 1,50,000 युवाओं को हर साल मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम मोदी पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर महिला स्टार्टअप योजना का भी शुभारंभ करेंगे। इस योजना के तहत महाराष्ट्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप को शुरुआती दौर में मदद की जाएगी। इस योजना के तहत 25 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना के तहत कुल प्रावधानों का 25 प्रतिशत पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। इससे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप को आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बनने में मदद मिलेगी।

## 'पीएम मित्र' पार्क की रखेंगे आधारशिला

वहीं, अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क की आधारशिला रखेंगे। करीब 1000 एकड़ में फैले इस पार्क को महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) विकसित कर रहा है। भारत सरकार ने कपड़ा उद्योग के लिए 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी थी। पीएम मित्र पार्क भारत को कपड़ा विनिर्माण और निर्यात के लिए वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद मिलेगी, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) सहित बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करेगा। साथ ही, यह इस क्षेत्र में नवाचार और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करेगा।

# अब 'पैन कार्ड जिहाद' का शिगूफा

- मुस्लिम इलाकों में जनसंख्या से ज्यादा पैन कार्ड बनाए जाने का आरोप
- बीजेपी नेता की शिकायत पर फडणवीस ने दिए जांच के आदेश



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में पैन कार्ड जिहाद की जांच के आदेश दिए हैं। मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में बड़ी संख्या में फर्जी पैन कार्ड बनाए जाने की शिकायत फडणवीस से की थी। मुंबई के उपनगर मालाड पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मालवणी क्षेत्र में फर्जी पैन कार्ड का सबूत भाजपा नेता आचार्य पवन त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा हैं। इसे पैन कार्ड जिहाद बताते हुए वह कहते हैं कि कई मुस्लिम बहुल इलाकों में तो जनसंख्या से भी ज्यादा पैन कार्ड बनाए गए हैं।

## पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

आचार्य त्रिपाठी का कहना है कि यह तभी संभव है जब एक व्यक्ति एक से अधिक पैन कार्ड रखता हो। फर्जी पैन कार्ड का दुरुपयोग अवैध लेन-देन और काला धन को वैध करने में किए जाने की आशंका है। आचार्य पवन त्रिपाठी ने बड़े पैमाने पर फर्जी पैन कार्ड की तरह ही फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की आशंका भी व्यक्त की है। उपमुख्यमंत्री ने इस संबंध में मुंबई के पुलिस आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**दोपहर टिप्पणी :** संभव है कि किसी इलाके में किसी खास किस्म का अपराध हो रहा हो, लेकिन हर अपराध का नामकरण 'जिहाद' जैसे पवित्र शब्द से जोड़ना किसी एजेंडे की तरफ इशारा करता है।

# लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग

**ग्राउंड फ्लोर से लपटें बंगले तक पहुंची**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के अंधेरी वेस्ट इलाके के पॉश लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में आज (गुरुवार) सुबह भीषण आग लग गई। आग कॉम्प्लेक्स के एक मंजिला बंगले में लगी। दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दी। गनीमत है कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण अभी तक साफ नहीं हो सका है। लेकिन शुरुआती जानकारी है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।



**आग कैसे लगी? :** मुंबई नगर निगम ने बताया कि अंधेरी वेस्ट के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में स्टेलर बंगले के क्रॉस रोड नंबर 2 पर बंगला नंबर 11 में आग लग गई। आग लगने की सूचना गुरुवार सुबह करीब 8:57 बजे मिली। सुबह 9.22 बजे इसे लेवल 1 की आग घोषित किया गया। बीएमसी ने बताया कि आग शुरू में ग्राउंड फ्लोर पर लगी। बाद में यह पहली मंजिल तक फैल गई। मुंबई फायर ब्रिगेड, एक एंबुलेंस, अदानी पावर डिस्ट्रीब्यूशन स्टाफ और मुंबई नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्वामी रामगिरी महाराज के खिलाफ दर्ज मामलों की रिपोर्ट मांगी

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्वामी रामगिरी के पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी करने को लेकर सिन्नर के एमआईडीसी पुलिस को जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। अदालत ने पूछा कि अब तक आरोपी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? पुलिस ने सोशल मीडिया से सभी विवादित वीडियो हटाने के लिए क्या कदम उठाए हैं? इस पर विशेष सरकारी वकील हितेन वेनेगावकर ने कहा कि पुलिस ने स्वामी रामगिरी को नोटिस जारी किया है। साथ ही 67 पुलिस स्टेशनों में शिकायतकर्ताओं को नोटिस जारी कर बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ के समक्ष हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वकील मोहम्मद तौसिफ खान की दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

# महाराष्ट्र में आरक्षण आंदोलन गर्माया

**बीड में 27 सितंबर और नांदेड़ में 3 अक्टूबर तक निषेधाज्ञा लागू**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा, ओबीसी और अन्य समुदायों द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर किया जा रहा आंदोलन तेज होता जा रहा है। आंदोलनों के बढ़ते दायरे को देखते हुए बीड जिले में 27 सितंबर तक और नांदेड़ में 3 अक्टूबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



## 16 सितंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं जरांगे

मराठा आराक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर 16 सितंबर की मध्यरात्रि से जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। वहीं, ओबीसी के नेता लक्ष्मण हाके ने गुरुवार से जालना के वाडी गोद्री गांव में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया। उनकी मांग है कि ओबीसी आरक्षण से कोई छेड़छाड़ नहीं किया जाना चाहिए।

**राजनीति** | वर्सोवा सीट से लड़ सकते हैं चुनाव

# पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे कांग्रेस में शामिल

मुनीब चौरसिया | मुंबई

महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। संजय पांडे आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि वे महाविकास अघाड़ी के जरिए राजनीति में उतरेंगे। संजय पांडे मुंबई की वर्सोवा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। इस सीट पर मौजूदा विधायक भाजपा से हैं। पांडे लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा।



## वर्सोवा सीट को लेकर खींचतान

2009 में इस सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। उसके बाद 2014 और 2019 में इस सीट पर भाजपा की भारती लावेकर निर्वाचित हुईं। 2019 के चुनाव में इस सीट पर शिवसेना की राजुल पटेल ने निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए 32,000 वोट हासिल किए थे। अब वर्सोवा सीट को लेकर कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट के बीच रस्साकशी की संभावना है। पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे कांग्रेस में शामिल हो गए और वर्सोवा से चुनाव लड़ना चाहते हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि महाविकास अघाड़ी में यह सीट किसे मिलती है। 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार बलदेव खोसा ने शिवसेना उम्मीदवार यशोधर फांसे को 12,000 वोटों से हराया था। इसलिए ठाकरे फिर से वर्सोवा सीट जीतने की कोशिश कर रहे हैं। संजय पांडे के कांग्रेस में आने से उनका सिरदर्द बढ़ने की संभावना है।

## संजय पांडे के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से भी अच्छे संबंध

पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय पांडे हमेशा चर्चा में रहे हैं। संजय पांडे के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से भी अच्छे संबंध हैं। ठाकरे गुट के राजुल पटेल भी वर्सोवा सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, उन्होंने पिछले चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारी दाखिल कर बगावत की थी। पटेल को भी अच्छे वोट मिले थे।

## एमवीए सरकार के दौरान रिटायर हुए

राज्य में महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान संजय पांडे मुंबई पुलिस कमिश्नर थे। वे एमवीए सरकार के दौरान रिटायर हुए। लेकिन इसी बीच, मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को 19 जुलाई, 2022 को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने अपनी निजी फर्म के माध्यम से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों के फोन अवैध रूप से टैप करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और अन्य के खिलाफ जुलाई में दर्ज की गई एफआईआर में भी आरोपी बनाया गया है, जिसमें उन पर भाजपा नेता गिरीश महाजन को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश करने का आरोप है, जब वे मुंबई के पुलिस कमिश्नर बनने से पहले महाराष्ट्र के डीजीपी थे।

# सीएम शिंदे ने की गायकवाड़ की तारीफ

**विधायक गायकवाड़ ने राहुल की जीभ काटने वाले को 11 लाख देने की घोषणा की थी**



दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को विधायक संजय गायकवाड़ का समर्थन किया और कांग्रेस को आरक्षण पर राहुल गांधी की टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने की सलाह दी। गायकवाड ने राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। संजय गायकवाड़ को अपनी टिप्पणी के बाद विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## क्या कहा सीएम ने ?

राज्य सरकार की लड़की बहन योजना से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिंदे ने बुलढाणा में संतों और अन्य पूजनीय व्यक्तियों की मूर्तियां स्थापित करने के लिए गायकवाड़ की प्रशंसा की। इसके बाद शिंदे ने कहा कि विपक्ष ने संविधान में बदलाव और आरक्षण समाप्त होने के बारे में झूठी बातें फैलाईं। अब कांग्रेस के नेता विदेश जाकर आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहे हैं। शिंदे ने लोगों से आरक्षण के खिलाफ बयान देने वालों को सबक सिखाने का आह्वान किया।

# भाजपा उत्तर भारतीय सेल के अध्यक्ष संजय गुप्ता की फैक्ट्री में तोड़फोड़

## कुछ भी हो जाए मैं विधानसभा चुनाव जरूर लड़ूंगा: संजय गुप्ता



**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर भाजपा उत्तर भारतीय सेल के अध्यक्ष संजय गुप्ता की फैक्ट्री में तोड़फोड़ करने वाले 12 लोगों के खिलाफ उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन कुछ महिला और आदमी हाथ में आर पी आय का झंडा लेकर उल्हासनगर 4 ओ टी क्षेत्र में स्थित 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय' फैक्ट्री में घुस गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी।

### उल्हासनगर में अब जमकर राजनीति शुरू

महिला व आदमी ने फैक्ट्री के ऊपर आरपीआय पार्टी का झंडा लगा दिया और वहां पर उपस्थित कर्मचारियों से और सुरक्षा गार्ड से कहा कि वह फैक्ट्री को खाली कर दें। तोड़फोड़ करने वाले लोगों के हाथ में उल्हासनगर आरपीआय जिला अध्यक्ष भगवान भालेराव का फोटो छपा हुआ बैनर और झंडा था जिससे यह मामला और गरमा गया है और इस मामले को लेकर उल्हासनगर में अब जमकर राजनीति हो रही है। तोड़फोड़ करने वाली महिला व आदमी ने कंपनी के लोगों को धमकाते हुए कहा कि यदि उनके खिलाफ पुलिस स्टेशन में किसी ने शिकायत की तो वह उसको देख लेंगे और छोड़ेंगे नहीं। फैक्ट्री की सुरक्षा गार्ड सुनीता विनोद मोहोड़ की शिकायत पर विट्ठलवाड़ी पुलिस ने 9 से 10 महिला और 2 से 3 आदमी के खिलाफ 296, 352 ,351( 2 )324( 2) 189(2 ) ,190, 37(1) 135 के तहत मामला दर्ज किया है।

## ■ मुकेश वाधवा सहित 12 लोगों के ऊपर मामला दर्ज

### मुझे बदनाम करने के लिए मेरे ऊपर झूठा मामला दर्ज कराया जा रहा है: संजय गुप्ता

संजय गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरे खिलाफ यह एक राजनीतिक साजिश है और मेरे खिलाफ झूठा मामला भी दर्ज कराया जा रहा है जिससे मैं जेल चले जाऊं और चुनाव में नहीं खड़ा हूं लेकिन कुछ भी हो जाए विधानसभा चुनाव में जरूर लड़ूंगा। उल्हासनगर के भाजपा विधायक कुमार अयलानी नहीं चाहते कि मैं चुनाव लाड़ू। इसलिए वह मेरे ऊपर दबाव बना रहे हैं और आरोपी मुकेश वाधवा का साथ दे रहे हैं। रही मेरी फैक्टरी की बात तो यह प्लॉट नंबर 39 है और प्लॉट नंबर 59 मुकेश वाधवा और अनिल वाधवा का है प्लॉट नंबर 39 महाराष्ट्र शासन की जगह है जिनका भाड़ा में कोर्ट के अंदर भर रहा हूं फिर भी लोग मेरे साथ दादागिरी कर रहे हैं और मेरी जगह को खाली करने की कोशिश कर रहे हैं इसके साथ ही मुझे डरा धमका भी रहे है। लेकिन कुछ भी हो जाए मैं विधानसभा चुनाव जरूर लड़ूंगा। संजय गुप्ता ने कहा कि आर पी आय पार्टी केअध्यक्ष भगवान भालेराव भी मेरे पीछे पड़े हैं और उन्होंने मेरी फैक्ट्री को खाली करने की सुपारी ली है इसलिए मुकेश वाधवा के साथ में कुछ लोगों को भेज कर मेरे फैक्ट्री में तोड़फोड़ करवाया है जिसकी शिकायत मेरे सुरक्षा रक्षक ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है। यह सब मेरे खिलाफ सोची समझी साजिश है और मुझे बदनाम करने के लिए मेरे ऊपर झूठा मामला भी दर्ज कराया जा रहा है। लेकिन फिर भी मैं उल्हासनगर विधानसभा का चुनाव जरूर लड़ूंगा।

# गणपति विसर्जन के दिन जुलूस पर पथराव

## ▸▸ हिंसा भड़काने को लेकर 2 नामजद सहित 50 से 60 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

## ▸▸ दूसरी घटना में अज्ञात 15 से 20 लोगों पर केस दर्ज



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में गणपति विसर्जन के दिन जुलूस पर हुए पथराव के बाद देर रात शहर में हिंसा भड़काने वाले 2 नामजद सहित अज्ञात 50 से 60 लोगों के खिलाफ इसी वही पास हुई एक दूसरी घटना में 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ निजामपुरा शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस सभी मामले की जांच पुलिस कर रही है। लेकिन अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी अमल में नहीं आई है।

### पहली घटना : दो समुदाय में हिंसा भड़काने की कोशिश

निजामपुरा पुलिस के मुताबिक दस दिवसीय गणपति विसर्जन के बाद वापस लौट रहे लोगों को शहर के हाफिजजी बाबा दरगाह से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित बस स्टाप के पास सतीश राम चंद्र पिस्के और राकेश राजध्या पिस्के ने रोक लिया और अपने 50 से 60 साथियों के साथ इकट्ठा होकर इन लोगों को एक विशेष समुदाय के खिलाफ भड़काने का काम करते हुए मुस्लिम विरोधी नारे लगाए और कहा कि 'तुम लोगों ने हमें मारा है, हम कल ईद नहीं मनाने देंगे' और 'जय शिवाजी, जय भवानी, जय श्री राम' और 'जय जय श्री राम ' का नारा लगाते हुए कहा कि हम उन्हें ईद नहीं मनाने देंगे और मार डालेंगे जैसे भड़काओं नारे लगाते हुए दो समुदाय में हिंसा भड़काने की कोशिश की। इतना ही नहीं जब इस घटना की वीडियो बना रहें पुलिस कर्मी ने इन्हे समझने की कोशिश की तो इन लोगों ने उसे भी वहा से वापस जाने को कहा और लगातार नारे बाजी करते रहते। इस घटना में निजामपुरा पुलिस ने पुलिस हवलदार भारत सोपान मुरकुटे की शिकायत पर सतीश राम चंद्र पिस्के और राकेश राजध्या पिस्के सहित 50 से 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं 49, 189(2), 189(3), 189(5), 190, 191(2), 223, 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

### दूसरी घटना : निजामपुरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

इसी तरह छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित सार्वजनिक रोड पर शाम साढ़े 5 बजे के करीब 15 से 20 अज्ञात लोगों ने मोटर साइकल से घर जा रहे नदीम नसीम शेख और उसके दोस्त महबूब अंसारी, सैफ सय्यद , मोहम्मद लालू, मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी को रोक कर कहा कि इन लोगों को यहां से जाने मत दो। ये सुनकर तीनों युवक वहीं पर रुक गए, जिसके बाद तीनों को अज्ञात 15 से 20 लोगों ने घेर लिया और गाली देते हुए उन्हें लात घूंसों से मारना शुरू कर दिया।

एक युवक ने लालू अंसारी को लकड़ी के डंडे से मारा जिस से उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा जिस से घबरा कर तीनों युवक अपनी बाइक वही छोड़ कर जान बचाते हुए वहा से भाग निकले। इसके बाद वहां पड़ी बाइक को भी भीड़ ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले निजामपुरा पुलिस ने नदीम शेख की शिकायत पर 15 से 20 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है, जिस की जांच पुलिस निरीक्षक रायपूरे कर रहे है।

# नवजात बच्चे को बेचने की साजिश नाकाम, पकड़ा गया चर्चित डॉक्टर



**दोपहर संवाददाता | कल्याण**

कल्याण में एक विकलांग दंपत्ति के बच्चे को बेचने का सनसनीखेज सामने आया है। इस मामले में भगवान का दूसरा कहे जाने वाले की डॉक्टर की करतूत सामने आयी है। मामले के खुल जाने से इलाके में हड़कंप सा मच गया है। लेकिन एक सामाजिक कार्यकर्ता की सक्रियता से यह मामला खुल गया। कल्याण के पास मोहने इलाके में एक डॉक्टर की घिनौनी हरकत सामने आई है। इस डॉक्टर ने एक नेत्रहीन जोड़े से कहा कि अगर तुम्हें बच्चा नहीं चाहिए तो हमारे रिश्तेदार को दे दो, वे तुम्हारे अस्पताल का खर्चा उठा देंगे। इसके बाद एक दृष्टि हीन दंपत्ति को प्रलोभन दिया गया कि वे आपके दो बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे, लेकिन बच्चे के जन्म के बाद उन्होंने बच्चे को दंपत्ति को न देकर अपने पास रख लिया। जब दंपति ने पूछा तो उन्होंने दो बच्चों की शिक्षा के लिए भुगतान करने से इनकार कर दिया। इसके बजाय उन्होंने दंपति से अस्पताल का बिल चुकाने को कहा।

### अनुदुर्ग धोनी के खिलाफ मामला दर्ज

इस चौंकाने वाली घटना के सामने आते ही कल्याण खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में डॉक्टर अनुदुर्ग धोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन डॉ. अनुदुर्ग ने सभी आरोपों से इनकार किया है। फिलहाल खड़कपाड़ा पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। इसलिए इस बच्चे को फिर से इस नेत्रहीन जोड़े की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। हालांकि इस संबंध में डॉक्टर अनुदुर्ग धोनी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। ऐसा कोई कार्य उनके द्वारा नहीं किया गया है।

# उल्हासनगर के पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे का मुंबई तबादला

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर जोन-4 के पुलिस उपायुक्त. सुधाकर पठारे का तबादला मुंबई कर दिया गया है. उल्हासनगर शहर में उनके उल्लेखनीय योगदान के कारण उन्हें बड़े सम्मान के साथ शहर से विदा किया गया।

विदाई समारोह आयोजित उल्हासनगर कैंप 3 स्थित शहीद जनरल अरुण कुमार वैद्य सभागार (टाउन हॉल) में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सुधाकर पठारे के कार्यों और उनके कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। उल्हासनगर विधायक कुमार आयलानी ने शहर में अपराध कम करने के लिए डॉ सुधाकर पठारे के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना



की गई। उन्होंने शहर में व्यापारी वर्ग के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाने में शहर के नागरिकों और पुलिस प्रशासन की मदद की। पठारे का योगदान महत्वपूर्ण बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. पठारे के कार्यकाल में उल्हासनगर शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है।

### पठारे ने अपने कार्यकाल के विभिन्न अनुभवों पर चर्चा की

डॉ. सुधाकर पठारे ने अपने कार्यकाल के विभिन्न अनुभवों पर चर्चा की। उन्होंने अंबरनाथ एमआईडीसी फायरिंग मामले में की गई सख्त कार्रवाई को याद किया, जिसमें आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद अंबरनाथ शिव मंदिर परिसर में शिव कला महोत्सव में भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस बल के लिए बड़ी चुनौती थी. उस समय कुछ लोग घायल हो गए, लेकिन एक बड़ी आपदा टल गई। दूसरी चुनौती हाजी मलंग यात्रा में 12 किमी के क्षेत्र में 10 दिनों तक 1000 पुलिसकर्मियों की सुरक्षा का प्रबंधन करना था, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने पूज्य चालिया उत्सव, गणेशोत्सव, शिव महोत्सव जैसे त्योहारों की व्यवस्था के अपने अनुभव भी साझा किए। अपने समापन भाषण में डॉ. उल्हासनगर की अनूठी औद्योगिक विशेषताओं पर जोर देते हुए पठारे ने कहा, 'अगर किसी शहर को मेक इन इंडिया के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना जाना है, तो वह उल्हासनगर होना चाहिए। गलियों में उद्योग हैं, और उद्योगों में कुछ करने की बहुत बड़ी क्षमता है।' इस मौके पर विधायक कुमार आयलानी विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक नता, जागरूक नागरिक, एनजीओ प्रतिनिधि, एसीपी, पुलिस इंस्पेक्टर और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# 'ड्राइवर दिवस' पर ट्रक चालकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

नई दिशा परियोजना के अंतर्गत जर्मन लेप्रोसी एंड टीबी रिलीफ एसोसिएशन इंडिया (जीएलआरए इंडिया) ने डी बी शंकर के सहयोग से कुरुंद ट्रांसपोर्ट एरिया भिवंडी में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों, सहायकों और संबंधित समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था, जो अक्सर अपने व्यस्त यात्रा के कारण चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचने में असमर्थ होते हैं।



### आठ महीनों से चल रहा है ट्रक चालक समुदाय के लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम

जीएलआरए इंडिया पिछले आठ महीनों से भिवंडी में ट्रक चालक समुदाय के लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चला रहा है। उक्त संगठन का लक्ष्य ट्रक चालक समुदाय को स्वस्थ और सशक्त बनाना, उन्हें टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय पर इलाज कराना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों और उनके सहायक कर्मचारियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं, ताकि उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें पूरी हो सकें। स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिन्हें टीबी जांच, मधुमेह जांच, रक्तचाप माप और आंखों की जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। के.बी. हाजी बचुआली इ.एन.टी. हॉस्पिटल परेल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने आंखों की जांच की। शिविर में भाग लेने वाले लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार दवाएँ भी दी गईं।

### विशेष स्वास्थ्य वार्ता का भी आयोजन

स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ ट्रक चालक समुदाय के लिए एक विशेष स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें टी बी के लक्षण, उपचार और रोकथाम के बारे में जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा शिविर में मनोरंजक गतिविधियों के तहत एक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतियोगियों ने पासिंग बॉल गेम के साथ-साथ टीबी के लक्षणों की पहचान जैसे खेलों में भाग लेने वाले विजेताओं को अंत में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीबी शंकर के सहयोग से जीएलआरए इंडिया द्वारा संचालित 'नई दिशा' परियोजना ने स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों और उनके सहयोगियों को टीबी के बारे में जागरूक करने का सफलतापूर्वक प्रयास किया।

# जनता की सुरक्षा व शांति के लिए पुलिस कटिबद्ध : नवनियुक्त डीसीपी मोहन दहिकर

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**


भिवंडी में विसर्जन जुलूस पर पथराव के बाद शहर में न सिर्फ तनाव की स्थिति बनी हुई है, बल्कि अफवाहों का बाजार गर्म है। शहर के नवनियुक्त डीसीपी मोहन दहिकर ने किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील जनता से की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर व कटिबद्ध है।

### 'अफवाह पर ध्यान न दें'

भिवंडी जोन 2 के नवनियुक्त पुलिस उपायुक्त ने कहा कि शहर में पिछले दो दिनों में जो कुछ भी अप्रिय घटना घटी है उसमे पुलिस निष्पक्ष रूप से काम कर रही है। घटना को लेकर तरह तरह की अफवाह फैलाई जा रही है। उस पर ध्यान न दे,जो सच्चाई है उस पर ध्यान दे। पुलिस महकमा अपना काम कर रही है और जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# नवरात्र पर्व पर रास रंग का भव्य आयोजन

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



क्रेडाई एमसीएचआई की ओर से हर साल नवरात्रि के पावन पर्व पर रासरंग का भव्य आयोजन किया जाता है। इस साल भी शहर में स्थित हरिओम नगर जकात नाका के मैदान में रासरंग का भूमिपूजन विधिविधान से किया गया। एमसीएचआई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में क्रेडाई-एमसीएचआई की ओर से साल 2017 में रासरंग का शुरुआत हुआ अब यह उचाई के शिखर तक पहुंच गया है। इस साल का आयोजन आसर ग्रुप और जनसेवा प्रतिष्ठान के सहयोग से किया गया है।

# अनधिकृत बैनरों के खिलाफ कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई नगर निगम अतिक्रमण विभाग के अनाधिकृत बैनरों के खिलाफ नवी मुंबई नगर निगम अतिक्रमण विभाग के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे एवं डॉ. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने 8वें प्रभाग में कार्रवाई की।



### कुल 2516 बैनर हटाए गए

नवी मुंबई नगर निगम के 8 खंडों में 1893 छोटे बैनर और 623 बड़े बैनर सहित कुल 2516 बैनर 18/09/2024 और 19/09/2024 को हटा दिए गए। साथ ही, नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र में विज्ञापन बैनर छापने वाले कुल 22 मुद्रण पेशेवरों को विभाग कार्यालय के माध्यम से लिखित निर्देश दिए गए थे। यह भी निर्देश दिया गया कि वे नवी मुंबई नगर निगम के प्रभागीय कार्यालय की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार के विज्ञापन/बैनर/पोस्टर नहीं छापेंगे और यदि वे ऐसा करते हैं, तो महाराष्ट्र विरूपण निवारण अधिनियम की धारा 3 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सिंगापुर, लंदन और न्यूयॉर्क जैसा व्यावसायिक केंद्र बनेगा मुंबई

## एमएमआरडीए और विश्व आर्थिक मंच ने किया ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**दीपक पवार | मुंबई**

महाराष्ट्र को एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर महाराष्ट्र सरकार ने अब मुंबई को वैश्विक वित्तीय केन्द्र बनाने के सपने को साकार करने की ओर कदम बढ़ा दी है। एमएमआर को वैश्विक अर्थव्यवस्था का हब बनाने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) और विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ)




के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। नीति आयोग ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) को वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित करने की विस्तृत योजना (रिपोर्ट) पेश की।

### भविष्य में वैश्विक फिनटेक राजधानी बन जाएगी मुंबई

इस समझौते पर एमएमआरडीए आयुक्त विक्रम कुमार और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वैश्विक वित्तीय केंद्र बनना मुंबई महानगर क्षेत्र का सपना था। मैं बहुत खुश हूं कि यह सपना सच हो रहा है, मुंबई हम सभी के लिए एक जीवन रेखा है। मुंबई बदलेगी तो महाराष्ट्र और देश के लिए भी अहम बदलाव होंगे। राज्य के विकास के लिए हमारे द्वारा गठित आर्थिक सलाहकार परिषद ने राज्य के विकास के लिए अनुशंसा एवं योजना प्रस्तुत की है। नीति आयोग इस अवधारणा के साथ आगे आया है कि इस योजना को ताकत मिलेगी। नीति आयोग ने सात द्वीपों पर स्थित मुंबई को एमएमआर वित्तीय केंद्र बनाने के लिए सात महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। ऐसा माना जाता है कि भविष्य में मुंबई वैश्विक फिनटेक राजधानी बन जाएगी।

### एमएमआरडीए में एक विशेष केंद्रीय सेल की स्थापना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस संकल्प को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। योजना है कि महाराष्ट्र इसमें एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देगा। दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में रिकॉर्ड निवेश आया। साथ ही दुनिया भर के महत्वपूर्ण उद्योगों ने महाराष्ट्र को प्राथमिकता दी है। इससे बड़ा निवेश आएगा, बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इससे वैश्विक वित्तीय केंद्र को मजबूती मिलेगी। एमएमआर ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर की इस अवधारणा को साकार करने के लिए एमएमआरडीए में एक विशेष केंद्रीय सेल की स्थापना की जा रही है।

### नीति आयोग सही समय पर बहुत महत्वपूर्ण रिपोर्ट लेकर आया : फड़णवीस

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि नीति आयोग सही समय पर बहुत महत्वपूर्ण रिपोर्ट लेकर आया है। पिछले कुछ वर्षों में हमने मुंबई में बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न परियोजनाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके चलते मुंबई कई क्षेत्रों में विकास का नेतृत्व कर रहा है। अटल सेतु – एमटीएचएल परियोजना के साथ एक तीसरी मुंबई उभर रही है। इससे इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर का टेक्नोलॉजी हब स्थापित हो रहा है। इससे देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। बंदरगाह, बुलेट ट्रेन, विरार-अलीबाग कॉरिडोर के विस्तार से ये क्षेत्र विकास में तब्दील हो जाएंगे। प्रोफेसर क्लॉस श्वाब ने वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने के लिए नीति आयोग की रिपोर्ट और एमएमआर के चल रहे कार्यान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि रिपोर्ट आश्चर्यजनक है, यह ब्लू-प्रिंट विकास को गति देगा। इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय आधुनिक बुनियादी सुविधाएं तैयार की जाएंगी। इन सभी प्रक्रियाओं में मानवीय हितों को ध्यान में रखा जाए। इससे मुंबई दुनिया के सात महत्वपूर्ण महानगरों में से एक बन जायेगा।

दो बजे पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
दोपहर

**अनमोल विचार** समझ की कमी से बड़ी कोई बुराई नहीं है : अप्टन सिंक्लेयर

**न्यूज़ ब्रीफ**

### सलमान के पिता को धमकी देने वाले दो गिरफ्तार



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के पिता और पटकथा लेखक सलीम खान को जान से मारने की धमकी देने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पूछताछ में बताया कि उन्होंने सिर्फ शरारत करने के मकसद से ऐसा किया, जबकि उनका कोई इरादा नहीं था। इसके बाद भी पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को सुबह सलीम खान बांद्रा स्थित बैंडस्टैंड इलाके मेंमार्निंग वाक के लिए गए थे। अचानक एक बुर्काधारी महिला स्कूटर से सलीम खान के पास आई और कहा कि 'क्या मैं लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं?' इसके बाद महिला मौके से फरार हो गई थी।

# राहुल गांधी को धमकी देने पर बिफरी कांग्रेस

## महाराष्ट्र में कई जगहों पर किया प्रदर्शन

नितिन तोरस्कर | मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी को धमकी दिए जाने का कड़ा विरोध किया। राहुल गांधी पर बयानबाजी के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस ने महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने बीजेपी का आलोचना करते हुए कहा कि बीजेपी डरी हुई है। इस कारण उसके नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मुंबई के पास भायंदर में विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चेन्निथला ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी भारतयी जनता के एक सांसद, विधायक यहां तक की एक केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को धमकी दी थी। राहुल गांधी की लोकप्रियता को देखकर बीजेपी डर गई है।



### भाजपा को करारा जवाब देगी कांग्रेस

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने इस अवसर पर कहा कि राहुल गांधी देश ने लोकतंत्र और देश की संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन कर रहे है। भाजपा उनके आंदोलन से डरकर उन पर निशाना बना रही है और उनको धमकी दी जा रही है। कांग्रेस इसका मजबूती से जवाब देगी। इस बीच, दक्षिण मुंबई के कोलाबा में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आवास के बाहर कांग्रेस समर्थकों ने प्रदर्शन किया। गायकवाड़ के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान कई कांग्रेस के पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जंक्शन पर ही आंदोलन शुरू कर दिया। इसके मद्देनजर गायकवाड़ सहित कई अन्य लोगों को हिरासत में लेकर आजाद मैदान में ले जाया गया। बाद में गायकवाड़ ने विधान भवन पहुंचे और नार्वेकर से मुलाकात की।

### राहुल को धमकी देने के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को धमकी दिए जाने के मामले को सरकार को गंभीरता से देखना चाहिए। राहुल गांधी की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता केवल भारत में ही नहीं है, बल्कि विदेशों में भी काफी है। वह पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस के खिलाफ लड़ने वाले एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो भाजपा और आरएसएस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण ही बीजेपी डर गयी है और डर के कारण ही बीजेपी और उनके सहयोगी लगातार राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी इन धमकियों से डरने वाले नेता नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस महाराष्ट्र में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी और महायुति को महाराष्ट्र में धक्का लगा था। विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत होगी।

# नए संस्थान से एनीमेशन हब बनेगा भारत

- आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर मुंबई में होगी स्थापना
- मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में विदेशी निवेश होंगे आकर्षित



**मुंबई।** देश में एनिमेशन पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत करने के लिए आईआईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) विधाओं के लिए नए बाजार उपलब्ध कराएगा। कंटेट के क्षेत्र में भाग्य आजमाने वाले लोगों के लिए यह संस्थान काफी मददगार साबित हो सकता है।

### विभिन्न विशेषज्ञों को मिलेगा एक मंच

तेजी से विकसित हो रही तकनीक और पूरे देश में इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के साथ वैश्विक स्तर पर एवीजीसी-एक्सआर का उपयोग तेजी से बढ़ने वाला है। शौकिया और पेशेवर दोनों को अत्याधुनिक एवीजीसी-एक्सआर तकनीकों में नवीनतम कौशल सेट से लैस करने के लिए विशेष प्रशिक्षण-सह-शिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के साथ-साथ, राष्ट्रीय उत्कृष्टता संस्थान अनुसंधान और विकास को भी बढ़ावा देगा। साथ ही यह कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग, डिजाइन और कला जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा जो एवीजीसी-एक्सआर के क्षेत्र में बड़ी सफलता ला सकते हैं। यह संस्थान देश के सभी हिस्सों के युवाओं के लिए रोजगार के सबसे बड़े स्रोत के रूप में भी काम करेगा। इससे रचनात्मक कला और डिजाइन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। भारत एवीजीसी-एक्सआर गतिविधियों का केंद्र बन जाएगा।

### राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह संस्थान मुंबई में बनना है। सरकार ने इसकी स्थापना के पीछे का उद्देश्य भारत को अत्याधुनिक सामग्री प्रदान करने के लिए एक कंटेंट हब विकसित करना बताया है। इससे वैश्विक स्तर पर भारत की सॉफ्ट पावर बढ़ेगी और मीडिया-मनोरंजन के क्षेत्र में विदेशी निवेश आकर्षित होंगे। इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) उद्योग निकायों का प्रतिनिधित्व करते हुए इमर्सिव क्रिएटर्स के प्रस्तावित संस्थान की स्थापना में सरकार के साथ भागीदार होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर मीडिया और मनोरंजन के पूरे क्षेत्र में एक अपरिहार्य भूमिका निभाता है।


# कोर्ट ने सेंसर बोर्ड को फटकारा

## 25 सितंबर तक रिलीज पर फैसला लेने को कहा

- बॉम्बे हाईकोर्ट में कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज पर हुई सुनवाई

दोपहर संवाददाता | मुंबई

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज पर गुरुवार को भी कोर्ट में कोई फैसला नहीं हो पाया। बॉम्बे हाई कोर्ट में ने जहां एक ओर सेंसर बोर्ड को फिल्म की रिलीज पर 25 सितंबर से पहले फैसला लेने का निर्देश दिया है, वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एक दिलचस्प घटना भी हुई। विवादास्पद फिल्म 'इमरजेंसी' के सह-निर्माताओं ने गुरुवार को हाई कोर्ट को बताया कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत की फिल्म को उनकी ही भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर रिलीज होने से रोका जा रहा है। जस्टिस बर्गेस कोलाबावाला और जस्टसि फिरदौस पूनीवाला की बेंच को बताया गया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) सत्तारूढ़ पार्टी (बीजेपी) के इशारे पर अपने 'हितों' की रक्षा कर रहा है, क्योंकि फिल्म को 'सिख विरोधी' माना जा रहा है। फिल्म के निर्माता जी स्टूडियोज की ओर से दलील देते हुए सीनियर वकील वेंकटेश धोंड ने कहा कि सेंसर बोर्ड जानबूझकर फिल्म की रिलीज में देरी कर रहा है, क्योंकि वह चाहता है कि फिल्म इस साल अक्टूबर में हरियाणा में होने वाले चुनावों के बाद ही रिलीज हो।



### कोर्ट ने कहा- तो क्या फिल्म से चुनाव में वोट पर असर पड़ेगा?

वकील धोंड ने अदालत से कहा, 'फिल्म की को-प्रोड्यूसर कंगना रनौत बीजेपी की सांसद हैं और उनकी पार्टी नहीं चाहती कि उनके ही सदस्य द्वारा बनाई गई ऐसी फिल्म अभी रिलीज, जो कुछ समुदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचाए।' इस पर जस्टिस कोलाबावाला ने जवाब दिया, 'तो आपका मतलब यह है कि इससे बीजेपी को वोट देने वाले लोगों के मतदान के फैसले पर असर पड़ेगा?

### वकील ने कहा- सेंसर बोर्ड इशारों पर काम कर रहा

सुनवाई के दौरान वकील धोंड ने फिल्म पर सिख समुदाय की आपत्तियों पर भी दलील दी। उन्होंने समुदाय के नेता के फिल्म में चित्रण के संबंध में उठाई गई आपत्तियों का जिक्र करते हुए कहा कि सेंसर बोर्ड इसी कारण फिल्म की रिलीज पर निर्णय लेने से पीछे हट रहा है। इस पर जस्टिस कोलाबावाला ने सवाल किया कि क्या सीबीएफसी केंद्र सरकार की ओर से नहीं, बल्कि किसी और की ओर से काम कर रहा है?

### फिल्म से क्यों और कैसे प्रभावित होते हैं लोग: जज

जस्टिस कोलाबावाला ने यह भी पूछा कि फिल्मों में किसी को इस तरह दिखाने से लोग कैसे और क्यों प्रभावित होते हैं? खुद पारसी समुदाय से आने वाले जस्टसि ने कहा, 'लगभग हर फिल्म में मेरे समुदाय का मजाक उड़ाया जाता है। हम हंसते हैं और यह नहीं मानते कि यह हमारे समुदाय के खिलाफ है।' कोर्ट में मेकर्स की तरफ से रिलीज में देरी के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया। वकील धोंड ने कहा, 'महामहिम, मैं यह कह सकता हूं कि यह सब केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर हो रहा है। वे अपने समग्र हितों को देख रहे हैं और इसलिए नहीं चाहते कि यह फिल्म रिलीज हो।' इस पर जस्टसि कोलाबावाला ने चुटकी लेते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब है कि केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी अपने ही सांसद के खिलाफ काम कर रही है? तो धोंड ने जवाब दिया कि फिल्म की को-प्रोड्यूसर और सांसद रनौत को 'अनुशासन बनाए रखने' के लिए कहा गया है, लेकिन वह इस पर ज्यादा बात नहीं करना चाहते।

### बिना फिल्म देखे लोग कैसे समझ जाते हैं कि ये खिलाफ है:कोर्ट

सुनवाई के दौरान, जजों की बेंच वकील डॉ. अभिनव चंद्रचूड़ की दलीलों पर नाराज हुई, जो सेंसर बोर्ड की ओर से पेश हुए थे। न्यायाधीशों ने सेंसर बोर्ड के रवैये की आलोचना की और सवाल किया कि लोग बिना फिल्म देखे ही यह कैसे निष्कर्ष निकाल लेते हैं कि कोई फिल्म उनके समुदाय के खिलाफ है? बेंच ने कहा, 'यह कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं है...क्या आपको लगता है कि हमारे देश के लोग इतने भोले हैं कि वे फिल्म में जो कुछ भी दिखाया जाएगा, उस पर विश्वास कर लेंगे? रचनात्मक स्वतंत्रता के बारे में क्या? हमारे देश में अरबों इंटरनेट यूजर्स हैं...फिल्मों की रिलीज पर आपत्ति जताने का यह मुद्दा बंद होना चाहिए, अन्यथा हमारे देश में रचनात्मक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का क्या होगा? हम केवल रचनात्मक स्वतंत्रता को सीमित कर रहे हैं।'

**'एक देश एक चुनाव' प्रस्ताव**

# राज ठाकरे का केंद्र पर निशाना



**मुंबई।** पीएम मोदी की कैबिनेट ने 'एक देश एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कई राजनीतिक दल वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्ष में हैं तो वहीं कई दल इसका विरोध कर रहे हैं। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने भी एक देश एक चुनाव को लेकर सरकार से कड़े सवाल पूछे हैं। राज ठाकरे ने ये भी कहा है कि यदि केंद्र सरकार एक राष्ट्र, एक चुनाव' कराने को लेकर इतनी चिंतित है तो उसे पहले महाराष्ट्र में नगर निकायों के चुनाव कराने चाहिए।

### 'पहले नगर निकाय के चुनाव कराएं'

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को कहा है कि अगर चुनावों को इतना महत्व दिया ही जा रहा है तो पहले नगर निकाय के चुनाव कराएं। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) सहित कई नगर निकायों के चुनाव लंबित पड़े हैं। ठाकरे ने कहा है कि कई नगर निकाय ऐसे हैं जो लगभग चार साल से प्रशासकों के अधीन संचालित हो रहे हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**सं. उप मुख्य अभि.(बी.पी.)/5506 /पी एंड आर/डब्लू.एस.-2 दिनांक 19/09/2024**

**सार्वजनिक सूचना**

उप मुख्य अभियंता (भवन प्रस्ताव) पश्चिमी उपनगर-II, संस्कृति कॉम्प्लेक्स के पास, 90 फीट डी.पी. रोड, ठाकुर कॉम्प्लेक्स, कांदिवली (पूर्व), मुंबई 400101 के कार्यालय में दैनिक सफाई के लिए हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए 01.10.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए संविदा श्रमिकों की नियुक्ति की जानी है। लॉटरी प्रणाली द्वारा उक्त कार्य के लिए केवल स्थानीय अनुभवी गैर सरकारी संगठनों का चयन करने के लिए एम.सी.जी.एम. के पोर्टल https://portal.mcgm.gov.in पर सार्वजनिक सूचना प्रदर्शित की गई है। उक्त निविदा की तिथि 27.09.2024 है।

इच्छुक संगठन इस योजना के बारे में सभी जानकारी सहित निविदा प्रपत्र प्रधान लिपिक (व्यय) भवन प्रस्ताव (डब्ल्यू.एस.-II) के कार्यालय में शनिवार और छुट्टियों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस पर 23.09.2024 से 26.09.2024 तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक चालान के माध्यम से रु.950/- +18% जीएसटी का नकद भुगतान करके खरीद सकते हैं। साथ ही, ई.एम.डी. जमा राशि 27.09.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक जमा की जा सकती है।

हस्ता./

पीआरओ/1315/2024-25

**उप मुख्य अभियंता(बी.पी.) डब्लू.एस.-II**

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।


### म्हाडा के जन-उन्मुख निर्णय इसे नागरिकों का एक विश्वसनीय संगठन बनाते हैं: संजीव जायसवाल

दीपक पवार | मुंबई



किसी भी संगठन का ऊपर का ग्राफ उसके कर्मचारियों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है और यही कारण है कि गृह निर्माण के क्षेत्र में इंजीनियरिंग संस्थान म्हाडा आज देश का अग्रणी संस्थान बन गया है। म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल ने कहा कि पिछले साल लिए गए कई जन-उन्मुख निर्णयों के कारण म्हाडा एक अधिक नागरिक-अनुकूल संगठन बन गया है। संजीव जयसवाल भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित इंजीनियर दिवस विशेष कार्यक्रम के उद्घाटन पर बोल रहे थे. नागरिकों की सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों से निपटने वाली संस्था म्हाडा के सफल काम के बारे में बात करते हुए, संजीव जयसवाल ने कहा कि म्हाडा देश की एकमात्र संस्था है जिसने राज्य में लगभग नौ लाख घर बनाए हैं। बदलते समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए म्हाडा ने समय-समय पर अपनी कार्य प्रणाली को अपडेट किया है। साथ ही, हमने नागरिकों को गृह निर्माण कार्य के केंद्र में रखते हुए अपनी कारी की योजना बनाई है। पिछले वर्ष लोकतंत्र दिवस पर विभिन्न सर्किलों के फ्लैटों की बिक्री के पारदर्शी ड्रा के माध्यम से म्हाडा पर नागरिकों का विश्वास बढ़ा है। साथ ही, कई पुनर्विकास परियोजनाओं के माध्यम से, म्हाडा नागरिकों को अधिक गुणवत्ता वाले किफायती घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा और म्हाडा के कर्मचारियों से इस संबंध में हमेशा प्रयास करने की अपील की।


## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

**बांधकाम विभाग, प्र.स.क्रं.1**

### ई- निविदा सुचना क्रमांक 82 सन 2024-2025

**मा. आमदारांचा स्थानिक विकास कार्यक्रम निधी 2024-25 अंतर्गत**

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागामार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म दिनांक 20/09/2024 ते दि. 27/09/2024 पर्यंत विक्रीस उपलब्ध आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | निविदापत्राची किंमत (रु.) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका वॉर्ड क्रं.2 ड मधील अबुजी कॉम्प्लेक्स येथील बिलाल मशीद पर्यंत रस्ता बनविणे तसेच घर क्रं.644 लागत पेव्हरब्लॉक बसविणे. | 9,99,395/- | 590/- |
| | वरील ऑनलाईन निविदा दि. 27/09/2024 पर्यंत दुपारी 4.00 पर्यंत स्विकारण्यात येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि. 30/09/2024 रोजी संध्या 4.01 अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोईप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यात येईल. अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या mahatenders. gov. in या संकेतस्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शासकीय इमारतीमधील 5 व्या मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा. | | |

हस्ता.
**(सचिन नाईक)**
प्र. शहर अभियंता
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2019 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-I के अंदर ए विभाग से **01** प्रस्ताव, ई विभाग से **01** प्रस्ताव, परिमंडल-II के अंदर एफ/उत्तर विभाग से **03**, 'जी/उत्तर' विभाग से **01** यानी कुल **0 6** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/ मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण- सार्वजनिक सूचना 7 दिन-**293-7 दिन- Z-I,II** पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई **01/10/2024** के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को **4.30 से 5.00 बजे** के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के वृक्ष अधिकारी**
पेग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
दूरभाष क्रमांक-022-23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता.**

पीआरओ/1334/विज्ञा./2024-25

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण**

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# विस्फोटक पेजर

मंगलवार को लेबनान व सीरिया में एक साथ हुए पेजर धमाकों ने इन देशों को ही नहीं, पूरी दुनिया को चौंकाया। लोगों को समझने में देर लगी आजकल उन्नत मोबाइल फोनों के दौर में पेजर का इस्तेमाल? दरअसल, तकनीकी तौर पर बेहद उन्नत इस्राइली फौज व दुनिया में तहलका मचाने वाली खुफिया एजेंसी मोसाद मोबाइल के जरिये अपने कट्टर दुश्मनों को निशाना बनाते रहे हैं। इसी वजह से ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के लड़ाके अपनी स्थिति गोपनीय रखने के मकसद से पेजरों का इस्तेमाल सूचना संकेतों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल पेजर धमाकों की श्रृंखला में लेबनान में नौ लोगों के मरने व पौने तीन हजार लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। लेकिन वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। वहीं सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला देखी गई। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष के चिंताजनक स्थिति में पहुंचने का संकेत देता है। युद्ध में इस तरह की रणनीति का पहली बार दुनिया के सामने खुलासा हुआ है, जिसमें अपने विरोधी देश के संचार उपकरणों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। जो इस क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष में परिष्कृत नई रणनीति को ही दर्शाता है। वहीं हिजबुल्लाह की सुरक्षा परत की कमजोरियों को भी उजागर करता है। निस्संदेह, हिजबुल्लाह ईरान समर्थित लेबनान की एक प्रमुख ताकत है, जो उन्नत इस्राइली ट्रैकिंग सिस्टम से बचने के लिये अपेक्षाकृत कम उन्नत तकनीक वाले उपकरण पेजर पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि हिजबुल्लाह लड़ाकों, चिकित्सकों तथा नागरिकों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले पेजर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों व बेका घाटी सहित लेबनान के कई गढ़ों में एक साथ फट गए। अस्पताल की तरफ भागती सैकड़ों एंबुलेंसों से पूरे लेबनान में भय व असुरक्षा का माहौल बन गया। यहां तक कि सीरिया के कुछ हिस्सों में भी धमाकों की गूंज सुनायी दी, वहां भी हिजबुल्लाह के लड़ाके इससे प्रभावित हुए। बहरहाल, लेबनान व सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला पूरी दुनिया को कई सबक देती है कि संकटकाल में अपने संचार नेटवर्क को बाहरी हस्तक्षेप से बचाने के लिये बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। विज्ञान व तकनीकी उन्नति ने युद्धों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया है। परंपरागत सेना व सुरक्षा की सारी अभेद्य दीवारें तकनीक के हमलों के आगे बेकार साबित हो रही हैं। बहरहाल, इन हमलों के लिये, इस्राइली खुफिया एजेंसी पर साजिश करने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इस्राइल ने इन धमाकों को लेकर कोई दावा नहीं किया है, लेकिन रिपोर्टें बता रही हैं कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान पेजर से छेड़छाड़ करके उन्हें धमाकों के मकसद से ज्वलनशील बनाया गया है। जो एक बड़े सुनियोजित ऑपरेशन की ओर संकेत करता है। जिसमें दूर से सुनियोजित तरीके से विस्फोटों को अंजाम दिया गया। इस्राइल ने इन धमाकों के जरिये हिजबुल्लाह को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि भले ही वह गाजा संघर्ष में उलझा हुआ है, इसके बावजूद वह दूसरे मोर्चे पर हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाने की क्षमता रखता है। बहरहाल, यह घटना बताती है कि इस्राइल पर बीते साल हमास द्वारा किए गए हमले व अपहरण की वारदातों के बाद शुरू हुए टकराव का विस्तार होने की आशंका बलवती हुई है। इस्राइल इस समय न केवल हमास बल्कि हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों के हमलों का एकसाथ जवाब दे रहा है। लेकिन इस्राइल की सीमा से लगते लेबनान में ईरान द्वारा दी गई उन्नत मिसाइलों व राकेटों के लगातार हो रहे हमलों के बीच इस टकराव के विस्तार लेने की आशंका बढ़ गई है। अब पेजर धमाकों के बाद हिजबुल्लाह इस्राइल से बदला लेने की बात कर रहा है, जिससे इस संघर्ष के व्यापक रूप लेने के आसार बढ़ गये। पश्चिम एशिया में पहले से ही नाजुक स्थिति जो गाजा संघर्ष के कारण और जटिल हो गई थी, उसे पेजर प्रकरण ने और गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम युद्ध के हथियार के रूप में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है।

शख्सियत | भगवती देवी शर्मा

## सामाजिक कार्यकर्ता



भगवती देवी शर्मा एक सामाजिक कार्यकर्ता और संपूर्ण विश्व गायत्री परिवार की सह-संस्थापिका थी। सामाजिक विद्रोह और नारी जागरण के अनेक कार्यक्रमों का संचालन और अश्वमेध यज्ञों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। उन्होंने चारों वेदों का भाष्य भी किया।

भगवती देवी शर्मा का जन्म २० सितम्बर सन १९२६ को आगरा में हुआ था। वह जसवंत राव शर्मा तथा रामप्यारी शर्मा की सबसे छोटी पुत्री थीं। चार वर्ष की आयु में उनकी माता का देहान्त हो गया था। सन १९४३ में उनका विवाह पं. श्रीराम शर्मा आचार्य से हुआ। श्रीराम आगरा जनपद के ग्राम आंवलखेड़ा के निवासी थे तथा भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सक्रिय सदस्य थे। उन दिनों वे मथुरा से अखण्ड ज्योति पत्रिका का प्रकाशन कर रहे थे। विवाह के सहायक भगवती देवी अखण्ड ज्योति संस्थान मथुरा में अखण्ड ज्योति के प्रकाशन कार्य में हाथ बंटाने का काम। वे इंजीनियर के उत्तर देने में भी सहायता करते थे। संस्थान में आगंतुकों की संख्या भी बढ़ने लगी। आध्यात्म के लिए आयोजित शिविर में श्री आचार्यजी ने मथुरा वृन्दावन मार्ग पर भूमि का निर्माण किया। जब आचार्य जी ने निर्माण के लिए धन की कमी की तो भगवती देवी ने अपना सारा आभूषण समर्पित कर दिया। 1953 में गायत्री तपोभूमि ने इस संस्थान में नियमित शिविर आरंभ किया। यहां 1958 में आयोजित सहस्रकुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन के बाद गायत्री परिवार की छत में तेजी से वृद्धि हुई और संगठन के सदस्यों ने भगवती देवी को माताजी के नाम से पुकारना प्रारंभ किया। 1960 की हिमालय यात्रा के दौरान आचार्य जी नेगायत्री तपोभूमि की पूर्ण जिम्मेदारी भगवती देवी को दी गई। 1971 में आचार्य जी ने गायत्री परिवार का मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार में स्थापित किया और उच्च शास्त्रीय आध्यात्मिक साधना शिविर आयोजित किया। महिलाओं के शिविर की जिम्मेदारी भगवती देवी के पास थी। उन्होंने महिला कल्याण के लिए विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये। 1990 में आचार्य जी के निधन के बाद भगवती देवी ने गायत्री परिवार का संचालन अपने हाथ में ले लिया। चित्रकूट अश्वमेध यज्ञ के बाद उनका स्वास्थ्य अधिक बिगड़ने लगा। १९ सितम्बर १९९४ को शान्तिकुञ्ज हरिद्वार में उनका निधन हुआ।

# सेवाओं की पेशेवराना दक्षता का क्षरण



गुरबचन जगत

कुछ हफ़्ते पहले, सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी। यह बलात्कार और हत्या कांड इतना घिनौना था कि पूरे देश को झकझोर दिया। स्वतःस्फूर्त गुस्से और पीड़ा की भावना की अभिव्यक्ति -हिंसक और अहिंसक- दोनों किस्म के प्रदर्शनों के रूप में हुई, खास तौर पर डॉक्टरों के समुदाय में, जिन्होंने देश भर में हड़तालें की। सीबीआई से जिस त्वरित परिणाम की अपेक्षा थी, वह पूरी नहीं हुई। इस हस्तक्षेप के बाद भी, पूरे देश में बलात्कार और हत्या जैसी अन्य कई जघन्य वारदातें हुईं, लेकिन अदालतों या अन्य सामाजिक समूहों ने उन पर उतना ध्यान नहीं दिया। पहले के मामलों में भी, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बावजूद ऐसे हिंसक बलात्कार और अन्य अपराध रुके नहीं और इस वाले से भी इनके रुकने की संभावना नहीं है। हालांकि, यह मामला सीबीआई को सौंपना पूरी तरह से उचित था, परंतु मेरे ज़ेहन में एक अलग विचार कौंध रहा है- क्योंकर सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने राज्य पुलिस बलों की व्यावसायिकता और ईमानदारी पर भरोसा खो दिया? नागरिकों का राज्य पुलिस और पुलिस थानों पर से यकीन क्यों उठ गया? यहां तक कि राज्य सरकारों और निचली अदालतों से भी? क्या यह सब रातों-रात हुआ या धीरे-धीरे इसलिए बढ़ता गया क्योंकि अब राजनेता सर्व-शक्तिमान होते जा रहे हैं और वे पुलिस बल एवं सरकार के अंदर और बाहर बैठे आपराधिक तत्वों की मदद से यह सारा खेल चला रहे हैं। इतिहास पर नज़र डालें तो, उस वक्त भ्रष्टाचार के केवल अति महत्वपूर्ण मामले ही अदालतों या राज्य अथवा केंद्र सरकारों द्वारा सीबीआई को सौंपे जाते थे। सूबों के अधिकारी मामलों के ऐसे हस्तांतरण पर तौहीन महसूस करते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे उनकी कारगुजारी पर अंगुली उठती है। सीबीआई को अच्छे परिणाम भी मिले, क्योंकि एक तो इस पर काम का बहुत ज्यादा बोझ नहीं था, दूसरे इसकी शुरुआत केवल उच्च स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एक विशिष्ट एजेंसी के रूप में हुई थी। किंतु राजनीतिक भुजा के लगातार मजबूत होते जाने और इससे जुड़े नैतिक पतन, एवं ईमानदारी में कमी होते देख लोगों ने मामले सीबीआई को सौंपने की मांग के साथ सीधे अदालतों का रुख करना शुरू कर दिया। राज्य और केंद्र सरकारें भी अपने-अपने वांछित परिणाम पाने को इसी राह का सहारा लेने लगीं, क्योंकि जब राजनीतिक निकाय का समग्र पतन हुआ तो सीबीआई भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई। अधिकारियों को विशेष रूप से नियुक्त किया गया ताकि तंत्र को और अधिक लचीला बनाया जा सके। सीबीआई ने भी विस्तार किया और अधिकांश राज्यों में शाखाएं खोलीं। हालांकि, इसने केंद्र सरकार की इच्छाशक्ति को और हवा दी और एक नई तफ्तीश संस्था के रूप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का जन्म हुआ, काम इसका भी जांच करना है लेकिन अधिक ध्यान उन आतंकी गतिविधियों पर केंद्रित है, जिनका प्रभाव-क्षेत्र अंतर्राज्यीय हो। यहां भी, केंद्र सरकार की मनमर्जी है कि कौन सा मामला इसे सौंपना है। गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से लगातार बयान आते रहते हैं कि सभी राज्यों में एनआईए कार्यालय खोले जाएंगे।

हमारे पास पहले से ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राष्ट्रव्यापी जांच क्षेत्र के अधिकार से सशक्त बनाई गई ईडी है,इनके अलावा आईबी और रॉ भी हैं। हमारे पास अर्धसैनिक बल भी हैं,उनका कार्यक्षेत्र भी अखिल भारतीय है। कानून-व्यवस्था के मामले जिनसे निबटना राज्य पुलिस बलों के बूते के परे माना जाता है,उनके लिए अर्धसैनिक बल बने हैं। जरूरत पड़ने पर राज्य सरकारें इन बलों की मांग गृह मंत्रालय से कर सकती हैं या गृह मंत्रालय राज्य सरकार की नाममात्र मंजूरी के साथ उन्हें सीधे राज्य में भेज सकता है। सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी आदि अनेक राज्यों में कई दशकों से लगातार तैनात हैं। कागज़ों पर वे राज्य पुलिस के अधीन काम करते हैं, लेकिन रोजमर्रा के कार्यों में स्वतंत्र हैं। तब फिर राज्य सरकार और इस तथ्य के बारे में क्या रह जाता है, जब कहा जाए कि संविधान के अनुसार कानून एवं व्यवस्था राज्य सरकारों का विषय है? पुलिस स्टेशन और जिले का एसपी पुलिस तंत्र के बुनियादी भाग होते हैं। लेकिन अतिरिक्त विभागीय हस्तक्षेपों ने दोनों को सत्तारूढ़ पार्टी का अनुचर बना डाला है। इस ह्रास की कीमत राज्य पुलिस की व्यावसायिकता ने चुकाई है, इस गिरावट का विशेष रूप से असर अग्रणी स्तर पर यानि पुलिस स्टेशन और जिला एसपी पर हुआ है।

यह दो जगहें ऐसी हैं,जहां पुलिस एवं जनता के बीच सीधा राब्ता होता है, लेकिन इस सम्पर्क में बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह वह राब्ता नहीं है जिसमें नागरिक इस विश्वास के साथ वहां जाए कि उसे न्याय मिलेगा, बल्कि वह एक ग्राहक या याचक के रूप में जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उक्त शक्ति बेलगाम है, क्योंकि संविधान और देश के विभिन्न कानूनों में प्रशासन चलाने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सत्तारूढ़ दल जनता द्वारा चुने जाते हैं और जनता शांति एवं न्यायपूर्ण प्रशासन चाहती है। क्या सुधारों और न्याय पाने के लिए लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा? उम्मीद है कि निर्वाचित सरकारें सड़कों से मिल रहे संदेश को समझगी।

सहज योग



अगर मैं कहूं कि वजन रखो तो वह भी वजन हो जाएगा। भगवान ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि हम मन से जो भी करेंगे वह बोझ की तरह भारी हो जाएगा। और उस वजन के नीचे दबे होने के कारण हम वहां उड़ नहीं पाते जहां हमें जाना है।

# मन से परे शक्ति को जाने

चाहे मैं कहूं कि आप निराकार या आकार को खोजते हैं, लेकिन ये केवल शब्द हैं। हजारों चर्चाएं हो चुकी हैं, करोड़ों किताबें लिखी जा चुकी हैं, कितनी जिंदगियां बर्बाद हो गईं, लेकिन इंसान की सोच का कोई अंत नहीं है।

मनुष्य जो कुछ मन से सोचता है, वही मन की सीमाओं में रहकर करता है। वह जो मन से परे है और मन द्वारा नहीं समझा जा सकता... मेरा यह व्याख्यान भी केवल एक बातचीत है, और इस बातचीत से आप उस परमात्मा को नहीं जान सकते। मैं जो भी बोलता रहूंगा वह सब तुम्हारे मन पर एक बोझ की तरह हो जाएगा। अगर मैं कहूं कि वजन रखो तो वह भी वजन हो जाएगा। भगवान ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि हम मन से जो भी करेंगे वह बोझ की तरह भारी हो जाएगा। और उस वजन के नीचे दबे होने के कारण हम वहां उड़ नहीं पाते जहां हमें जाना है। इसीलिए तलाश हमेशा अधूरी रही है। लेकिन अब मैं आपको नई सृष्टि के बारे में बताने जा रही हूं। सिर्फ बात ही नहीं बल्कि इसकी खोज भी जो पता चल गई है। क्रांति के पथ पर ऐसा होता आया है कि जो भी व्यक्ति किसी भी चीज़ की विशेषज्ञता में जाता है, वह डूब जाता है, और समाप्त हो जाता है। ठीक वैसे ही इंसानों के साथ भी हो रहा है। इतनी प्रतिस्पर्धा और विरोध चल रहा है कि मनुष्य ने अपने मस्तिष्क को इतना विशेषज्ञ बना लिया है कि उसका मस्तिष्क फट रहा है। अब एक नये प्रकार के मनुष्य की आवश्यकता है जो मन से परे इस शक्ति को जान सके। यह शक्ति जो इस मन को चलाती है, हृदय को भी धड़काती है। उस शक्ति को जानने के लिए आप जितनी चाहें बातें कर लें, या जो चाहें प्रयास कर लें, आप वहां तक नहीं पहुंच सकते। यह बिना किसी संदेह के है। मैं जिसके बारे में बात कर रहा हूं ऐसा कहीं नहीं लिखा है। मैं कोई बहुत खास बात नहीं कह रहा हूं. आप नानक, कबीरदास को पढ़ सकते हैं, आप वैशिष्ठ को पढ़ सकते हैं, गुरुओं के गुरु जनक के बारे में पढ़ सकते हैं। हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हजारों वर्षों से ऐसा ही लिखा जा रहा है। वे सभी लिखते रहे हैं जिसके बारे में मैं बात कर रहा हूं। आपको जो पाना है वह अप्रत्याशित रूप से आपके भीतर है। लेकिन वो बेचारी बातें बस कहती रहीं। शायद इसलिए क्योंकि वे इसे खोज नहीं पाए। अगर उन्हें इसका पता नहीं चल सका तो इसका मतलब यह नहीं कि वे कम थे। यदि कोलंबस भारत की खोज नहीं कर सका तो इसका मतलब यह नहीं कि वह किसी से कम था। और बाद में जिन लोगों ने इसे पाया, उन्होंने ऐसा उन लोगों को छोटा करने के लिए नहीं किया जो नहीं कर पाए। यह कोई सामूहिक खोज नहीं है। आप सब अलग-अलग सोचते हैं, तो बहुतों के मन में यह विचार आता है कि माताजी कुछ और ही बात कर रही हैं। नहीं।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

अप्टन सिंक्लेयरः जन्म- 20 सितम्बर 1878 | जन्म

अप्टन सिंक्लेयर एक अमेरिकी लेखक थे। वे अपने उपन्यास द जंगल के लिए प्रसिद्ध हैं, जिसमें मांस पैकिंग उद्योग में कठोर परिस्थितियों को उजागर किया गया था। सिंक्लेयर के काम का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक स्थितियों में सुधार करना था और उन्हें पुलित्जर पुरस्कार मिला। वे सामाजिक सुधार के प्रबल समर्थक थे। अप्टन सिंक्लेयर का जन्म 20 सितम्बर 1878 को हुआ था और उनकी मृत्यु 25 नवम्बर 1968 को हुई थी।

# समझ की कमी से बड़ी कोई बुराई नहीं है




किसी व्यक्ति को कुछ समझाना मुश्किल है जब उसका वेतन उसके न समझने पर निर्भर करता है। समाज का पहला कर्तव्य न्याय है। यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि आप जिन लोगों को काम पर रखते हैं, वे वही काम कर रहे हैं, जिसके लिए आप उन्हें भुगतान करते हैं, हर समय उनका अनुसरण करना है। मैं डेमोक्रेट या रिपब्लिकन नहीं हूँ। मैं एक इंसान हूँ। दुनिया दो भागों में विभाजित हैः एक हिस्सा जिसे आप देखते हैं, और दूसरा हिस्सा जिसे आप नहीं देखते। एक आदमी तब तक आदमी नहीं है जब तक वह यह न जान ले कि उसे क्या चाहिए। आप किसी व्यक्ति को वह नहीं समझा सकते जो वह समझना नहीं चाहता। असली समस्या यह नहीं है कि मशीनें सोचती हैं या नहीं, बल्कि यह है कि मनुष्य सोचते हैं या नहीं। हर आदमी उस युग का प्राणी है, जिसमें वह रहता है। समझ की कमी से बड़ी कोई बुराई नहीं है। यदि आप समाधान का हिस्सा नहीं हैं, तो आप समस्या का हिस्सा हैं। बुरी आदत से छुटकारा पाने का सबसे अच्छा तरीका है कि इसे अच्छी आदत से बदल दिया जाए। सत्य, झूठ की अनुपस्थिति से कहीं अधिक है। ज़िंदगी ज्यादातर लोगों की समझ से कहीं ज्यादा जटिल है। सबसे क्रांतिकारी चीज़ जो कोई कर सकता है, वह है हमेशा ज़ोर से घोषणा करना कि क्या हो रहा है। हमारा जीवन एक यात्रा है; हमें सत्य को खोजने के लिए मार्ग पर चलना चाहिए। हर आदमी को जितना चाहे उतना बड़ा मूर्ख बनने का अधिकार है। लोग इसलिए नहीं बदलते क्योंकि आप चाहते हैं कि वे बदलें। वे तब बदलते हैं जब वे चाहते हैं। भविष्य उनका है जो आज इसके लिए तैयारी करते हैं। सबसे बड़ी गलती जो आप कर सकते हैं, वह यह मानना है कि आप बदलाव करने में सक्षम नहीं हैं। एक अस्वतंत्र दुनिया से निपटने का एकमात्र तरीका इतना स्वतंत्र हो जाना है कि आपका अस्तित्व ही विद्रोह का कार्य हो। अगर आप दुनिया को बदलना चाहते हैं, तो खुद से शुरुआत करें। आप कभी भी अतीत के आधार पर भविष्य की योजना नहीं बना सकते। साहस परिचित चीज़ों को छोड़ देने की शक्ति है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवान विष्णु का सबसे बड़ा भक्त



नारद जी बात-बात पर नारायण-नारायण कहा करते और इस प्रकार दिन में कई बार भगवान का नाम लेते थे। एक दिन उनके मन में यह विचार आया कि वह बहुत बार भगवान का नाम लेते हैं। अतः वही भगवान के सबसे बड़े भक्त हैं। यह सोचकर नारद जी विष्णु भगवान के पास पहुंचे और पूछा, भगवान ! आपका सबसे बड़ा भक्त कौन है। विष्णु भगवान ने बताया, 'अमुक गांव का अमुक किसान मेरा सबसे बड़ा भक्त है। नारद जी को बहुत धक्का लगा। उन्होंने भगवान जी के कथन की पुष्टि के लिए, अपने को संभालते हुए, भक्त किसान का नाम व पता नोट किया तथा उस किसान के गांव चल दिए। वहां जाकर देखा कि किसान ने सुबह 4 बजे उठकर दो बार नारायण-नारायण कहा। फिर नांद में भूसा, खली व पानी डालकर बैलों को लगा दिया। दैनिक क्रिया के बाद, सुबह का जलपान कर सूर्योदय के साथ ही हल-बैल लेकर खेतों में जा पहुंचा। पूर्वाह्न 10 बजे पत्नी द्वारा लाया कलेवा खाकर पुनः खेत में काम करने लगा। दोपहर में घर जाकर खाना खाया, सुर्ती खाया। बैलों को नांद पर लगाया। अपराह्न में खेतों में जाकर काम किया। ठीक, सूर्यास्त के पहले घर लौटा। हाथ मुंह धोकर खाना खाया। दो बार नारायण-नारायण कहकर सो गया। नारद जी को बड़ा आश्चर्य हुआ कि किसान द्वारा पूरे दिन में केवल चार बार नारायण-नारायण कहा गया, जबकि वे स्वयं दिनभर नारायण-नारायण कहते हैं, किन्तु उन्हें भगवान विष्णु अपना सबसे बड़ा भक्त नहीं मानते हैं। नारद जी ने अपनी आशंका व व्यथा विष्णु भगवान को बताई। तब विष्णु भगवान ने नारद को एक पूरा जल भरा कटोरा दिया और कहा, 'इसको लेकर आप सूर्यास्त तक भ्रमण कीजिए, लेकिन ध्यान रहे, इसमें से एक बूंद पानी भी न गिरे। यदि ऐसा होता है, तो मेरा सुदर्शन चक्र आपके पीछे रहेगा, एक बूंद भी पानी गिरा। तो वह आपकी गर्दन काट लेगा।' नारद जी ने जल भरा कटोरा लिया और सुबह से शाम तक भ्रमण किया। सुदर्शन चक्र ने पीछा किया। सूर्यास्त हुआ तो उन्होंने राहत की सांस ली। कटोरे से एक बूंद पानी नहीं गिरा। उन्होंने राहत की सांस ली। नारद जी विष्णु भगवान के पास पहुंचे। विष्णु जी ने पूछा, 'भ्रमण कैसा रहा?' नारद जी ने उत्तर दिया, 'आपके सुदर्शन चक्र व भरे पानी के कारण भ्रमण में तनाव बना रहा। विष्णु जी ने पूछा, 'भ्रमण में कितनी बार मेरा नाम लिया?' भगवान ! एक तो जल भरा कटोरा लेकर चलना और उस पर आपके सुदर्शन चक्र का पीछे-पीछे चलना- उसमें पूरा ध्यान इन बातों पर था। आपका नाम कहां से लेता।' नारद जी ने उत्तर दिया। तब विष्णु जी ने कहा, 'इसी प्रकार गृहस्थ जीवन की आपाधापी, आजीविका अर्जन की गला काट देने के भय वाली कठिनाइयों के बाद भी, यदि किसान सुबह-शाम मेरा नाम ले लेता है, तो निश्चित रूप से वह सर्वश्रेष्ठ भक्त है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## हवा और सूरज

एक बार हवा और सूर्य की बहस हो गयी। मैं तुमसे ज्यादा मजबूत हूं, हवा ने कहा। नहीं, तुम नहीं हो, सूर्य ने कहा। बस उसी समय, उन्होंने एक यात्री को सड़क पर चलते देखा। वह एक शॉल लपेटे हुए था। सूर्य और हवा इस बात पर सहमत हो गये कि जो भी यात्री को अपनी शॉल से अलग करेगा वह अधिक मजबूत होगा। हवा ने पहली बारी ली। उसने कंधों से यात्री के शॉल को फाड़ने के लिए अपनी सारी ताकत लगा दी। लेकिन जितनी तेजी हवा ने दिखाई, उतने ही जोर से यात्री ने शॉल को अपने शरीर में जकड़ लिया। सूर्य की बारी आने तक संघर्ष चलता रहा। अब सूर्य की बारी थी। सूर्य गर्म होकर मुस्कुराया। यात्री ने मुस्कुराते हुए सूर्य की गर्मी महसूस की। जल्द ही उसने शॉल को खुला छोड़ दिया। सूर्य गर्म और गर्म.....और गर्म हो गया। अब यात्री को अपने शॉल की जरूरत नहीं थी। उसने उसे उतारकर जमीन पर गिरा दिया। फिर सूर्य को हवा से अधिक मजबूत माना गया। क्रूर बल वह हासिल नहीं कर सकता जो एक कोमल मुस्कान कर सकती है।

## सकारात्मक सोच

एक कंपनी में इंटरव्यू चल रहा होता है जहा काफी युवक इंटरव्यू देने आते है। उन सभी कैंडिडेट में से सिर्फ दो युवक का चयन किया जाता है। कंपनी के लिए दुविधा हो जाती है की, दोनों में से किसे इस जॉब के लिए फाइनल किया जाए। कंपनी के हेड काफी एक-दूसरे से विचार विमर्श करने के बाद उनको तरकीब सुझती है। वह दोनों युवक को अलग-अलग बुलाया जाता है। उनके सामने एक गिलास में 50% पानी भर दिया जाता है। और उन्हें सवाल पूछा जाता है कि आपको इस गिलास में क्या दिखाई दे रहा है। पहला युवक कहता है कि मुझे यह गिलास आधा खाली दिखाई दे रहा। दूसरा युवक कहता है कि मुझे यह गिलास आधा भरा हुआ दिखाई दे रहा है। कंपनी के लिए दूसरा युवक का चयन करना आसान हो जाता है क्योंकि उन्हें उस युवक ने सकारात्मक दृष्टि दिखाई देती है। और उस पहले युवक में उसका नजरिया नकारात्मक दिखाई देता है। कंपनी वाले दूसरे युवक को उसकी सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण जॉब के लिए चुना जाता है। जिस व्यक्ति की विचारधारा सकारात्मक होती है उसके वाणी और वर्तन में भी वह झलकता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## गजल

# ग़ैर क्या जानिये क्यों मुझको बुरा कहते हैं

गैर क्या जानिये क्यों मुझको बुरा कहते हैं
आप कहते हैं जो ऐसा तो बजा कहते हैं

वाक़ई तेरे इस अन्दाज को क्या कहते हैं
न वफ़ा कहते हैं जिसको न ज़फ़ा कहते हैं

हो जिन्हे शक, वो करें और खुदाओं की तलाश
हम तो इन्सान को दुनिया का ख़ुदा कहते हैं

तेरी सूरत नजर आई तेरी सूरत से अलग
हुस्न को अहल-ए-नजर हुस्ननुमाँ कहते हैं

शिकवा-ए-हिज्र करें भी तो करें किस दिल से
हम खुद अपने को भी अपने से जुदा कहते हैं

तेरी रूदाद-ए-सितम का है बयाँ नामुमकिन
फायदा क्या है मगर यूँ ही जरा कहते हैं

लोग जो कुछ भी कहें तेरी सितमकशी को
हम तो इन बातों को अच्छा न बुरा कहते हैं

औरों का तजुरबा जो कुछ हो मगर हम तो 'फ़िराक'
तल्ख़ी-ए-ज़ीस्त को जीने का मज़ा कहते हैं

**फ़िराक़ गोरखपुरी**

## कविता

# शापित कमल




गंध की पंखुरियों पर
बूँदों का पहरा
अंतर का तरलायित दर्द
बिखर
ठहरा।
झिलमिल-सी ज़िंदगी है ये ठहरा जल
सत्य के झरोखों से
झाँक रहा छल।

इंद्रधनुष-सा भविष्य
दे दिया जनम ने।
आलस के बीच-मंत्र
सिद्ध किए
हमने।
शेखियाँ बघारते गई उमर निकल,
ललक रहे बोये बिन
काटने फसल।

चटख-चटख रंगों में
ज़िंदगी नई।
मुट्ठी भर रोशनी
सही नहीं गई,
लंगड़ाती ताबों का अगुआ
हर दल।
आस के धुँधलकों की
धारा अविरल।
मुट्ठियाँ हवाओं में
तान-तान सोचा
हाय कुछ न आया
तो खालीपन नोचा।
सिसिफस का शाप जिया करते
हर पल!
इसी तरह मुरझ गए
शतदली कमल!

**कन्हैयालाल नंदन**

# पानी और पुल



**महीप सिंह**

गाड़ी ने लाहौर का स्टेशन छोड़ा तो एकबारगी मेरा मन काँप उठा। अब हम लोग उस ओर जा रहे थे जहाँ चौदह साल पहले आग लगी थी। जिसमें लाखों जल गये थे, और लाखों पर जलने के निशान आज तक बने हुए थे। मुझे लगा हमारी गाड़ी किसी गहरी, लम्बी अन्धकारमय गुफा में घुस रही है। और हम अपना सब-कुछ इस अन्धकार को सौंप दे रहे हैं।

हम सब लगभग तीन सौ यात्री थे। स्त्रियों और बच्चों की भी संख्या काफी थी। लाहौर में हमने सभी गुरुद्वारों के दर्शन किये। वहाँ हमें जैसा स्वागत मिला,उससे आगे अब पंजासाहिब की यात्रा में किसी प्रकार का अनिष्ट घट सकता है, ऐसी सम्भावना तो नहीं थी, परन्तु मनुष्य के अन्दर का पशु कब जागकर सभी सम्भावनाओं को डकार जाएगा, कौन जानता है?

यही सब सोचते-सोचते मैंने मां की ओर देखा, हथेली पर मुंह टिकाये, कोहनी को खिड़की का सहारा दिये वे निरन्तर बाहर की ओर देख रही थीं। खेत कट चुके थे। दूर-दूर तक सपाट धरती दिखाई दे रही थी। मुझे लगा, मां की आँखों में से उतरकर यह सपाटता मन में पूरी तरह छा गयी है। फिर मैंने अपने डिब्बे के दूसरे यात्रियों की तरफ देखा। उन पर भी गहरी उदासी छा गयी थी। समझ में नहीं आ रहा था कि एकाएक ऐसी उदासी सब पर क्यों छा गयी है?

"तुम्हें तो रास्ता अच्छी तरह याद होगा।" मैंने मां का ध्यान तोड़ते हुए पूछा, "सैकड़ों बार आना-जाना हुआ होगा तुम्हारा?"

मां मेरी ओर देखकर मुसकरायी। वह मुस्कराहट सब-कुछ खोकर पायी हुई मुसकराहट थी। बोलीं, "मुझे तो रास्ते का एक-एक स्टेशन तक याद है। पर आज यह इलाका कितना बेगाना-बेगाना-सा लग रहा है। आज चौदह साल बाद इधर से जा रही हूं। पहले भी ऐसे ही जाती थी। लाहौर पार करते ही अजीब-सी उमंग नस-नस में दौड़ी जाती थी।"

सराई (हमारा गाँव ) जैसे-जैसे निकट आता जाता, वहाँ की एक-एक शक्ल मेरे सामने दौड़ जाती, स्टेशन पर कितने लोग आये होते...!

मां की आँखों में चौदह साल पहले की याद तरल हो आयी थी। पिताजी ने अपना रोजगार उत्तर प्रदेश में ही जमा लिया था। हम सब भाई-बहनों का जन्म पंजाब के बाहर ही हुआ था। मुझे याद है, पिताजी तो शायद साल में एकाध बार ही पंजाब आते हों, पर मां के दो-तीन चक्कर जरूर लग जाते थे। हममें जो छोटा होता वह मां के साथ जाता, और जबसे मुझे याद है मेरी छोटी बहन ही उनके साथ जाए करती थी।

उन दिनों, पंजाब का विभाजन घोषित हो चुका था, पंजाब की पाँचों नदियों का जल उन्माद की तीखी शराब बन चुका था, मां ने फिर पंजाब जाने का फैसला किया था। सभी ने ऐसे विरोध किया जैसे वे जलती आग में कूदने जा रही हों। और वह सचमुच आग में कूदने जैसा ही तो था। परन्तु पिताजी सहित हम सब जानते थे कि मां को अपने निश्चय से डिगाना कोई आसान बात नहीं। उन्होंने सबकी बातों को हँसकर टाल दिया। बीस-बाईस दिनों में वह वापस आ गयीं। गाँव के घर का बहुत-सा सामान वे 'बुक' करा आयी थीं। अपने साथ वे अपना पुराना चरखा और दही मथने की मथनी ले आयी थीं।

फिर सारे पंजाब में आग लग गयी। घर के घर, गाँव के गाँव और शहर के शहर उस आग में जलने लगे। आग रुकी तो लगा इधर तक सपाट फैली हुई जमीन अमृतसर और लाहौर के बीच से फट गयी है और उस पार का फटा हुआ हिस्सा बीच में गहरी खाई छोड़कर न जाने कितना उधर खिसक गया है। हम सब भूल-से गये कि उस गहरी खाई के उस पार हमारा अपना गाँव था। पक्की सड़क के किनारे पीछे की ओर एक नहर थी, और पास ही झेलम नदी, अल्हड़ लड़की की तरह उछलती-कूदती बहती थी !

मैं मां के साथ खाई पर राजकीय नियम के बांधे हुए पुल से गुज़रकर उसी ओर जा रहा था जो कल कितना अपना था, आज कितना पराया है!

मैं एक पुस्तक के पन्ने उलट रहा था, मां ने पूछा, "यह गाड़ी सराई स्टेशन पर रुकेगी?"

मैंने कुछ सोचा फिर कहा, 'हाँ, शायद रुके। पर पहुँचेगी रात के एक-दो बजे। हम लोग गहरी नींद में सो रहे होंगे। स्टेशन कब आकर निकल जाएगा, पता भी नहीं लगेगा। और अब अपना रखा ही क्या है वहाँ?'

मां के चेहरे पर खिसियाहट-सी दौड़ गयी। बोलीं, "तुम्हारे लिए पहले भी वहाँ क्या रखा था?"

मेरी बात से मां को चोट पहुँची थी। बिना और कुछ बोले मैं सिर झुकाकर अपनी पुस्तक के पन्नों में उलझ गया।

धीरे-धीरे अँधेरा छाने लगा। मां ने पोटली खोलकर खाने के लिए कुछ निकाला। मेरे एक दूर के मामाजी हमारे साथ थे। तीनों ने मिलकर कुछ खाया और सोने की तैयारी करने लगे। मामाजी तो दस मिनट में ही खर्राटे भरने लगे। मैं भी एक ओर लुढ़क गया। मां वैसी ही बैठी रहीं।

कुछ देर बाद एकाएक मेरी आँख खुली, देखा मां, वैसे ही बाहर फैले हुए अँधेरे की ओर निष्पलक देखती हुई बैठी हैं। घड़ी देखी, साढ़े दस बज गये थे। मैंने कहा, "मां तुम भी लेट जाओ न।"

"अच्छा!" उनके मुंह से निकला और वे अधलेटी-सी हो गयी।

उस अधनींदी अवस्था में मैंने कोई स्वप्न देखा, ऐसा तो मुझे याद नहीं आता, पर उस नींद में भी कुछ घबराहट अवश्य होती रही थी। शायद किसी अस्पष्ट स्वप्न की ही घबराहट हो। कोई लाल-सी तरल चीज मुझे अपने चारों ओर फिरती अनुभव होती थी और मुझे लग रहा था उस लाल-लाल गाढ़ी-सी चीज पर मेरे पैर फच-फच पड़ रहे हैं। फिर एकाएक मैं हड़बड़ा कर उठा। मां मुझे झकझोर रही थीं और अजीब-सी घबराहट और उत्तेजना से उनके हाथ काँप रहे थे।

"क्या है?"

"देखो यह बाहर शोर कैसा है?"

मैंने बाहर झाँककर देखा। हमारी गाड़ी छोटे-से स्टेशन पर खड़ी थी। प्लेट-फॉर्म पर लैम्प पोस्टों की हलकी-हलकी रोशनी थी और अजीब-सा कोलाहल वहाँ छाया हुआ था। एकबारगी मेरा रोयां-रोयां काँप उठा। चौदह साल पहले की अनेक सुनी-सुनायी घटनाएं बिजली बनकर कौंध गयी, जब दंगाइयों ने कितनी गाडियों को जहां-तहां रोककर लोगों को गाजर-मूली की तरह काट डाला था। मामाजी जागकर मेरा कन्धा हिला रहे थे।

"अरे क्या बात है?"

तभी मेरे कानों में आवांज पड़ी। उस भीड़ में से कोई चिल्ला रहा था-"अरे इस गाड़ी में कोई सराई का है?"

"यह कौन-सा स्टेशन है?" मैंने मां से पूछा।

मां ने कहा, "सराई-अपने गाँव का स्टेशन।"

बाहर से फिर आवांज आयी, 'अरे इस गाड़ी में कोई सराई का है?'

मैंने मां की ओर देखा। उनके चेहरे पर पूर्ण आश्वस्तता थी।

"पूछो इनसे, क्या बात है?"

मैंने खिड़की से गरदन निकाली। बहुत-से लोग घूमते हुए पुकार रहे थे, "अरे कोई सराई का है?"

पास से जाते हुए एक आदमी को बुलाकर मैंने पूछा, "क्या बात है जी?"

"आपमें कोई इस गाँव का है?"

"हां, हम हैं इस गाँव के..." मां आगे आकर बोली।

"तुम सराई की हो?" उस आदमी ने जोर देकर पूछा।

"हां, जी।"

मां के इतना कहते ही स्टेशन पर चारों ओर शोर मच गया। इधर-उधर घूमते हुए बहुत-से आदमी हमारे डिब्बे के सामने जमा हो गये। फिर कई आवांजें एक-साथ आयीं।

"हम सराई के ही हैं..." मां ने जोर देकर कहा, "इसी गांव के?"

उपस्थित जनसमुदाय में एक कोलाहल-सा हुआ। किसी की आवांज आयी, "तुम किसके घर से हो?"

मां ने मेरी ओर देखा। मैंने कहा, "मेरे पिताजी का नाम सरदार मूलासिंह है। ये मेरी मां हैं!"

"तुम मूलासिंह के बेटे हो?" कई लोग एक-साथ चिल्लाए, "तुम मूलासिंह की बीवी हो...रवेलसिंह की भाभी? कैसे हैं सब लोग...?" कहते-कहते कितने ही हाथ हमारी ओर बढ़ने लगे। लोग हमारे सम्बन्धियों में सबकी कुशल-क्षेम पूछते हुए अपने हाथ की पोटलियाँ मुझे और मां को थमाते जा रहे थे। मैं और मां गुमसुम से उन्हें ले-लेकर अपनी सीट पर रखते जा रहे थे। देखते-देखते हमारी बर्थ कपडों की छोटी-छोटी पोटलियों से भर गयी।

मैं हक्का-बक्का-सा यह देख रहा था। मां अपने सिर का कपड़ा बार-बार संभालती हुई हाथ जोड़ रही थीं। खुशी से उनके होंठ फड़फड़ा रहे थे। मुंह से निकल कुछ भी न रहा था और लगता था आँखें अभी चू पड़ेंगी।

वहीं खड़े गार्ड ने हरी लालटेन ऊपर उठायी और कोट की जेब से सीटी निकाली। मैंने देखा तीन-चार आदमियों ने उसे पकड़-सा लिया।

"अरे बाबू, दो-चार मिनट और खड़ी रहने दे गाड़ी को। देखता नहीं, ये बीवी इसी गाँव की हैं...!" और एक ने उसका लालटेन वाला हाथ पकड़कर नीचे कर दिया।

"भरजाई, सरदारजी कैसे हैं? उन्हें क्यों नहीं लायी, पंजे साहब के दरशन कराने?" एक बूढ़ा-सा मुसलमान पूछ रहा था।

मां ने दोनों हाथों से सिर का कपड़ा और आगे कर लिया, उनके मुंह से धीरे से निकला, "सरदारजी नहीं रहे...!"

"क्या...? मूलासिंह गुजर गये? क्या हुआ था उन्हें?"

मां चुप रहीं, मैंने जवाब दिया, "उनसे पेट में रसोली हो गयी थी। एक दिन वह फूट गयी और दूसरे दिन पूरे हो गये।"

"ओह, बड़े ही नेक बन्दे थे, खुदा उन्हें अपनी दरगाह में जगह दे।" उनमें से एक ने अंफसोस प्रकट करते हुए कहा। कुछ क्षण के लिए सबमें खामोशी छा गयी।

"भरजाई, तेरे बच्चे कैसे हैं?"

"वाहे गुरु जी की किरपा है, सब अच्छे हैं।" मां ने धीरे से कहा।

"अल्लाह, उनकी उम्र दराज करे।" कई आवांज एक-साथ आयी।

"भरजाई तुम अपने बच्चों को लेकर यहाँ आ जाओ।" किसी एक ने कहा, और कितनों ने दुहराया,

"भरजाई, तुम लोग वापस आ जाओ...वापस आ जाओ।"

प्लेटफॉर्म पर खड़ी कितनी आवांजें कह रही थीं :

"वापस आ जाओ!"

"वापस आ जाओ!"

मैंने सुना, मेरे पीछे खड़े मामाजी कुढ़ते हुए कह रहे थे, "हूं...बदमाश कहीं के! पहले तो मार-मारकर यहाँ से निकाल दिया, अब कहते हैं वापस आ जाओ। लुच्चे!"

पर प्लेटफॉर्म पर खड़े लोगों ने उनकी बात नहीं सुनी थी। वे कहे जा रहे थे-

"भरजाई, तुम अपने बच्चों को लेकर वापस आ जाओ! बोलो भरजाई, कब आओगी। अपना गाँव तो तुम्हें याद आता है? भरजाई वापस आ जाओ..."

मां के मुंह से कुछ नहीं निकल रहा था। वे सिर का कपड़ा संभालते हुए हाथ जोड़े जा रही थीं।

दूर खड़ा गार्ड हरी लालटेन दिखाता हुआ सीटी बजा रहा था।

इंजन ने सीटी दी। गाड़ी फकफक करती हुई चल दी। भीड़-की-भीड़ हमारे डिब्बे के साथ चल दी।

"अच्छा, भरजाई सलाम...अच्छा बेटे सलाम... रवेलसिंह को मेरा सलाम देना...सबको हमारा सलाम देना..."

मां के हाथ जुड़े हुए थे और मुंह से गद्गद स्वर में धीरे-धीरे कुछ निकल रहा था। धीरे-धीरे गाड़ी कुछ तेज हो गयी। हम दोनों खिड़की से सिर निकाले हाथ जोड़े रहे। भीड़ के लोग वहीं खड़े हाथ ऊपर उठाए चिल्लाते रहे।

गाड़ी स्टेशन के बाहर निकल आयी तो मैंने बर्थ से पोटलियाँ हटाकर एक ओर कीं और मां से कुछ कहने के लिए उनकी ओर देखा।

मां की आँखों से आँसुओं की अविरल धार बह रही थी, बहे जा रही थी। वे बार-बार दुपट्टे से आँखें पोंछे जा रही थीं, पर टूटे हुए बांध का पानी बहता ही जा रहा था।

हमारी गाड़ी जेहलम के पुल पर आ गयी थी। रात्रि की उस नीरवता में खडर...खडर....खडर...की आवांज आ रही थी। मैं खिड़की से झांककर जेहलम का पुल देखने लगा। मैंने सुना था जेहलम का पुल बहुत मंजबूत है। पत्थर और लोहे के बने उस मंजबूत पुल को अँधेरे में मैं देख रहा था। मेरी दृष्टि और नीचे की ओर जा रही थी, वहाँ घुप्प अँधेरा था, पर मैं जानता था वहाँ पानी है, जेहलम नदी का कल-कल करता हुआ स्वच्छ और निर्मल पानी, जो उस पत्थर और लोहे के बने हुए पुल के नीचे से बह रहा था।

**प्रियंका जैन**

# राशिफल

**मेष:** नए मित्र बनेंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर अवसर बढ़ेंगे। समस्याएं कम होंगी। मान-सम्मान मिलेगा। मित्र व रिश्तेदारों से संबंध सुधरेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। व्यापार-व्यवसाय व नौकरी से अनुकूलता बनी रहेगी।

**वृष:** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। नए मित्र बनेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

**मिथुन:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। अकारण क्रोध व उत्तेजना रह सकते हैं। बेवजह किसी से विवाद हो सकता है। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। मन में संवेदनशीलता अधिक रहेगी।

**कर्क:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कामों की रुकावट दूर होगी। स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में लाभ वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। निवेश में लाभ होगा।

**सिंह:** मेहनत का पूरा-पूरा फल मिलेगा। काम में उत्साह व प्रसन्नता से ध्यान दे पाएंगे। वाद-विवाद से अपना पक्ष मजबूत कर पाएंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कन्या:** नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। सुख के साधनों की प्राप्ति की कोशिशें कामयाब रहेंगी। नए काम हाथ में आएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला:** चोट व दुर्घटना से हानि की आशंका बनती है। आशंका-कुशंका के चलते कार्य प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। झंझटों से दूर रहें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। आर्थिक परेशानी आ सकती है।

**वृश्चिक:** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-व्यापार अच्छा चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मकर:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। घर के सभी सदस्य प्रसन्न व संतुष्ट रहेंगे।

**कुंभ:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर-मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**मीन:** फालतू खर्च होगा। लाभ के अवसर टलेंगे। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। चोट व रोग से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है।

# कुंडली में शनि के स्थान का प्रभाव






**प्रियंका जैन**
9769994439

कुंडली में शनि सातवें घर में होने से देता है वैराग्य। अगर शनि की राशि मकर और कुंभ भी हो तो ऐसा जातक गृहस्थ जीवन होकर भी एक साधु वाला जीवन जीना पसंद करता है।

एक वैराग्य का भाव जातक के अंदर आना शुरू हो जाता है।

आपके पास बहुत पैसा है और अच्छा व्यापार है, बहुत मान सम्मान है अच्छी जिंदगी है, लेकिन पति-पत्नी के बीच में हरदम क्लेश हो, तो पूरा जीवन बर्बाद हो जाता है। आज हम बात करते हैं, कुंडली के सप्तम भाव की जो कि हर जातक के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। स्त्री हो या पुरुष, सप्तम भाव हमारे जीवन में पति-पत्नी का घर होता है। अगर सातवां घर शुभ है या शुभ ग्रह बैठा है तो जीवन बहुत सुख से बीतता है। सप्तम भाव लग्न कुंडली में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, लग्न से सातवां भाव ही दाम्पत्य व विवाह के लिए कारक माना है। इस भाव एवं इस भाव के स्वामी के साथ ग्रहों की स्थिति व दृष्टि संबंध के अनुसार उस जातक पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता है।

सप्तम भाव विवाह एवं जीवनसाथी का घर माना जाता है। इस भाव में शनि का होना विवाह और वैवाहिक जीवन के लिए शुभ संकेत नहीं माना जाता है।

इस भाव में शनि की स्थिति होने पर व्यक्ति की शादी सामान्य आयु से देरी से होती है। सप्तम भाव में शनि अगर नीच राशि में हो तो तब यह संभावना रहती है कि व्यक्ति काम पीड़ित होकर किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता है जो उम्र में उससे अधिक बड़ा हो।

शनि सप्तम भाव में हो तो विवाह देर से होता है अगर जल्दी से हो गया तो कलह से घर अशांत रहता है। चन्द्रमा के साथ शनि की युति होने पर व्यक्ति अपने जीवनसाथी के प्रति प्रेम नहीं रखता एवं किसी अन्य के प्रेम में गृह कलह को जन्म देता है।

सप्तम शनि एवं उससे युति बनाने वाले ग्रह विवाह एवं गृहस्थी के लिए सुखकारक नहीं होते हैं।

नवमांश कुडंली या जन्म कुडंली में जब शनि हो तो शादी 30 वर्ष की आयु के बाद ही करनी चाहिए क्योंकि इससे पहले शादी की संभावना नहीं बनती है। जिनकी कुडंली शनि लग्न में उनके साथ भी यही स्थिति होती है एवं इनकी शादी असफल होने की भी संभावना प्रबल रहती है।

कुडंली में लग्न स्थान से शनि द्वादश होता है और सूर्य द्वितीयेश होता है एवं लग्न कमजोर हो तो उनकी शादी बहुत विलंब से होती है अथवा ऐसी स्थिति बनती है कि ऐसे व्यक्ति शादी नहीं करते।

शनि जिस वधु की कुडंली में सूर्य या चन्द्रमा से युत या दृष्ठ होकर लग्न या सप्तम में होते हैं उनकी शादी में भी बाधा रहती है।

जिन जातकों की लग्न कुंडली में शनि सातवें घर में हो या नवमांश कुंडली में भी सातवें भाव में हो तो ऐसे जातक को शनि के उपाय जरूर करें

सातवें घर का शनी जातक को वैराग्य दे देता है गृहस्थी जीवन से मन उठने लग जाता है ।

शादी तो हो जाती है लेकिन पति पत्नी के रिश्ते से मन दूर होने लगता है।

अगर किसी भी स्त्री पुरुष को इस तरह की बाधाये जीवन में आ रही हैं तो आप शनि के उपचार करें और एक अच्छा जीवन आप शुरू कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## टाटा पिगमेंट्स के कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, कंपनी ने खोला खजाना

**जमशेदपुर:** टाटा पिगमेंट्स (Tata Pigments) वर्कर्स यूनियन और टाटा पिगमेंट्स मैनेजमेंट के बीच गुरुवार को बोनस समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौते के तहत कुल 100 कर्मचारियों के बीच 48 लाख 52 हजार रुपये बोनस के रूप में कर्मचारियों के बीच वितरित की जायेगी। कर्मचारियों को अधिकतम 71,118 रुपये और न्यूनतम 54,247 रुपये बोनस राशि मिलेगी। पिछली बार बोनस की राशि 46 लाख थी। जो इस बार 48.52 लाख रुपये हो गई है। इस तरह कर्मचारियों को लगभग 17.64 प्रतिशत की राशि मिलेगी। यह राशि कर्मचारियों के खाते में 21 सितंबर तक पहुंच जाएगी।

## छुट्टा पशु से टकराकर तीन बाइक सवार घायल

**जौनपुर।** तेजी बाजार थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव के पास छुट्टा पशु से टकराकर बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। तेजीबजार थाना क्षेत्र चकनवाबाद गांव निवासी 15 वर्षीय सौरभ, 16 वर्षीय अनुज बिंद, 20 वर्षीय लवकुश बगल के गांव राजगढ़ में दूध लेने बुधवार देर रात एक ही बाइक से सवार होकर गए थे। परिजनों के अनुसार, दूध लेकर लौटते समय मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के अकोढ़ा गांव में अचानक खेत से निकलकर छुट्टा पशु सड़क पर आ गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते बाइक सांड़ से टकरा गई। चालक सहित तीनों बुरी तरह से चोटे आयीं, किसी राहगीर ने गांव में फोन कर बुलाया तो परिजन मौंके पर पहुंच अर निजि अस्पताल ले गये। जहां दो का पैर तथा हाथ में फैक्चर हो गया है।

## फर्जी वकील की सक्रियता से तहसील बार चिंतित

**आजमगढ़।** स्थानीय तहसील में मुकदमों की पैरवी के लिए आ रहे लोगों को सवाधान रहना होगा। तहसील परिसर में सक्रिय दलाल वकीलों का काम भी देखने लगे हैं। तहसील बार एसोसिएशन ने दलालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबध में तहसील बार एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक हुई। इस गम्भीर समस्या पर अधिवक्ताओं ने आपस में विचार विमर्श किया। बार अध्यक्ष रामाश्रय चतुर्वेदी एडवोकेट की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि अगर कोई व्यक्ति बिना रजिस्ट्रेशन व बिना सीओपी के अधिवक्ता ड्रेस व प्रैक्टिस करता पाया गया तो उसपर कार्रवाई की जायेगी। तहसील बार एसोसिएशन निजामाबाद के मंत्री रामचेत यादव ने बताया कि पूरे मामले की जांच की गई। फर्जी अधिवक्ता छह माह से वकील के नाम पर मुअक्किल को धोखा दे रहा था। तहसील में इस तरह के कई मामले प्रकाश में आए हैं। बुधवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम से मिलकर तहसील में फर्जी वकीलों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# यूपी में जल्द एक लाख से अधिक सैंपलों की होगी जांच

**एजेंसी | लखनऊ**

यूपी में मिलावटखोरी करना अब आसानी नहीं हो पाएगा। मिलावटखोरी के खिलाफ अब मुहिम और तेज की जाएगी। खाद्य पदार्थों और दवाओं में हुई मिलावट की जांच का दायरा बढ़ेगा। यूपी में मार्च से 15 नई सरकारी लैब और क्रियाशील हो जाएंगी। यूपी के हर मंडल मुख्यालय पर सरकारी जांच लैब होगी। तब सेंपलों की जांच की मौजूदा क्षमता एक लाख आठ हजार हो जाएगी। फिलहाल प्रदेश में 36 हजार सेंपलों की ही जांच हो सकती है।

### हर मंडल पर बनेगी सरकारी लैब



### अब पेस्टीसाइड्स व हैवी मेटल जांच की भी सुविधा

पहले प्रदेश में सरकारी लैबों में सेंपलों की जांच के संसाधन सीमित थे। खाद्य पदार्थों में पेस्टीसाइड्स या हैवी मेटल आदि की जांच भी नहीं हो सकती थी। उदाहरण के तौर पर हल्दी आदि मसालों की जांच में सिर्फ कलर की मिलावट का ही पता चल पाता था। धीरे-धीरे सरकारी लैबों में संसाधन बढ़े हैं। लखनऊ की सरकारी लैब में वर्ष 2020 के बाद पेस्टीसाइड्स व हैवी मेटल की जांच का सिलसिला शुरू हो गया था। अब प्रदेश की नई खुलने वाली सभी लैब में भी यह सुविधा उपलब्ध होगी।

### लगातार बढ़ रहे हैं खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मसालों से लेकर घी, दूध, पनीर, तेल, आटा सहित शायद ही कोई चीज बची हो, जिसमें मिलावट के मामले सामने न आए हों। इसी तरह तमाम कंपनियां दवाएं भी अधोमानक बना रही हैं, जिनका या तो मरीजों को लाभ नहीं हो रहा या फिर वे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रही हैं। अभी तक प्रदेश में सरकारी स्तर पर इस गड़बड़ी की जांच की सुविधा सीमित थी। फिलवक्त प्रदेश में केवल छह सरकारी लैब हैं, जिनमें लखनऊ, आगरा, झांसी, गोरखपुर, मेरठ और वाराणसी शामिल हैं। इन लैबों में फिलहाल 36 हजार सेंपलों की हर महीने जांच की जा सकती है जबकि मिलावट खोरी का दायरा बहुत बढ़ गया है। ऐसे में सेंपल या तो दूरस्थ सरकारी लैबों में भेजे जाते हैं या फिर निजी लैबों से जांच कराई जाती है।

## सीएम नीतीश ने नवादा अग्निकांड मामले में एडीजी को दिया सख्त निर्देश

**एजेंसी | पटना**



बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने नवादा अग्निकांड की निंदा की है। सीएम ने इस घटना की निंदा करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एडीजी को व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल का दौरा करने और जांच करने का निर्देश दिया है।

### इस मामले में 15 लोगों की गिरफ़्तारी

बिहार के नवादा में अग्निकांड मामले में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीएम नीतीश ने जोर देकर कहा कि जो लोग कानून को अपने हाथ में लेते हैं, उन्हें जल्द से जल्द से पकड़ा जाना चाहिए और दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्य भर के सभी जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कानून का शासन कायम रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने बताया

नवादा के जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि जिला पुलिस ने घरों में आग लगाने के आरोप में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की आगे की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और किसी भी संदिग्ध को पकड़ने के लिए तलाशी जारी है।

### नवादा के एसपी ने बताया

इस घटना के बाद नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि शाम 7 बजे के आसपास मांझी टोला में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस दमकल गाड़ियों के साथ तुरंत पहुंची और आग बुझाई। उन्होंने पुष्टि की कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि अग्निकांड का कारण भूमि विवाद है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कांवर सहित गिरने से मधुबनी के कांवरिया की मौत

**एजेंसी | बांका**



बिहार के बांका जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पर एक कांवरिया की मौत हो गई है। यह घटना चांदन थाना अंतर्गत कांवरिया पथ में गोड़ियारी नदी के निकट की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार मधुबनी जिला के एक कांवरिया कांवर सहित चलते-चलते गिर गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृत कांवरिया की पहचान मधुबनी जिला के भैरवथान थाना क्षेत्र के रयाम गांव निवासी 60 वर्षीय कांवरिया भूखन पासवान के रूप में हुई है। मृत कांवरिया की पत्नी रामदया देवी ने बताया कि वह अपने पति सहित 30 लोगों के दल के साथ कांवर लेकर बाबाधाम जा रही थी। गोड़ियारी नदी पार करने के बाद उसके पति भूखन पासवान ठोकर लगने से गिरकर बेहोश हो गए। एंबुलेंस द्वारा उन्हें चांदन पीएससी लाया गया। जहां डॉ शशिकांत ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर पीड़ित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सीतामढ़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### नशीली दवा और प्रतिबंधित टेबलेट के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी | सीतामढ़ी**

बिहार के सीतामढ़ी में सोनबरसा थाने की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर शाम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में कोरेक्स नशीली दवा और टेबलेट बरामद किया है। इसके साथ ही चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के चांदनी चौक सोनबरसा गांव निवासी अरविंद महतो के पुत्र नवीन कुमार महतो, चिलरा गांव निवासी अमीरी राउत के पुत्र बबलू राउत व रुपनारायण प्रसाद के पुत्र अरुण कुमार एवं चिलरी गांव निवासी रामेश्वर महतो के पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गयी है।



### ओपीडी में कोई चिकित्सक नहीं मिले उपस्थित

मोतिहारी में स्वास्थ्य विभाग देहाती व सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए लगातार प्रयासरत है। इधर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहाल है। अनुमंडलीय अस्पताल में बीडीओ के निरीक्षण में साढ़े 9 बजे तक ओपीडी में कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। वहीं इमरजेंसी डयूटी में सिर्फ एक डॉक्टर उपस्थित थे, लेकिन कोई कर्मी उपस्थित नहीं पाया गया। दंत चिकित्सक, आंख चिकित्सक, बीपी, वेट जांच कक्ष में ताला लटका पाया गया। वहीं अस्पताल में उपस्थित सरेया पंचायत के मरीज सुनील सहनी ने बताया कि मारपीट में परिवार के आधा दर्जन लोग जख्मी है। साढ़े आठ बजे सभी जख्मी अस्पताल पहुंचे।

## स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने वालों की खैर नहीं

### सरकार का फरमान जारी, कटेगी बिजली

**एजेंसी | पटना**



बिहार में स्मार्ट मीटर लगाने का राजद, कांग्रेस, सांसद पप्पू यादव विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को बिहार कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर एक रैली भी निकाली। लेकिन नीतीश सरकार युद्धस्तर पर स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी कर रखा है। नए आदेश में सभी सरकारी कार्यालयों ने 30 नवंबर तक स्मार्ट मीटर लगाने की अंतिम तारीख दे दी गई है। तय समय सीमा के अंदर टारगेट पूरा करने में देरी और लापरवाही के कारण तीन मीटरिंग एजेंसी पर ऊर्जा सचिव ने कार्रवाई करते हुए हाई प्रिंट, एनसीसी, अदानी पावर एवं ईईएसएल जैसी कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा सचिव ने दक्षिण एवं उत्तर बिहार में कार्यरत एडवांस्ड मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर्स की प्रगति की समीक्षा की।

## चाईबासा में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट

**एक जवान घायल**

**एजेंसी | चाईबासा**

झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार की सुबह 7.20 बजे सारंडा जंगल के इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक 209 कोबरा बटालियन का जवान घायल हो गया है। उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है। जहां उनका इलाज राज अस्पताल में चलेगा। मामला छोटानागरा थाना क्षेत्र के बाबुडेरा की है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है।

### इन नक्सलियों के जंगल में छिपे होने की थी आशंका



नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान ये घटना हुई है। दरअसल पुलिस को ये सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान के सारंडा जंगल के क्षेत्र में भ्रमणशील है। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा और जराईकेला के सीमावर्ती वाले जंगल में संयुक्त अभियान चलाया। जंगल में माओवादियों ने नक्सलियों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पहले ही आईईडी लगा रखा था। जिसकी चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया। घटना के बाद उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। बताया जा रहा है कि नक्सली अब भी जंगल में छिपे हुए हैं। इस वजह से सुरक्षाबलों ने इस अभियान को तेज कर दिया है। अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट मोड में हैं।

## शिक्षकों की नियुक्ति के लिए इंटरव्यू शुरू

**एजेंसी | रांची**



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व विद्यालय (DSPMU) में विभिन्न विषयों में अनुबंध पर शिक्षकों की नियुक्ति के लिए गुरुवार से इंटरव्यू शुरू हो गया। 19 सितंबर को एमबीए की 14 सीटों पर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू हुआ। इसके लिए लगभग 48 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। 20 सितंबर को इतिहास के दो पदों के लिए इंटरव्यू होगा। इसमें लगभग 58 अभ्यर्थी हैं। इसी प्रकार डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व विद्यालय (Dr Shyama Prasad Mukherjee University) में 21 सितंबर को संस्कृत में तीन पदों के लिए इंटरव्यू में लगभग 24 अभ्यर्थी, 24 सितंबर को नागपुरी विषय में एक पद के लिए लगभग 39 अभ्यर्थी, 25 सितंबर को भूगोल विषय में दो पद के लिए लगभग 37 अभ्यर्थी तथा 28 सितंबर 2024 को उर्दू विषय में तीन पद पर शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लगभग 32 अभ्यर्थी को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। इंटरव्यू के लिए अलग-अलग कमेटी का गठन किया गया है। इसके बाद अर्थशास्त्र सहित अन्य बचे हुए विषयों के लिए इंटरव्यू तिथि का निर्धारण बाद में किया जायेगा।

**व्यापार जगत**

# मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार

**एजेंसी | मुंबई**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के फैसले का असर आज घरेलू शेयर बाजार पर भी नजर आया। भारतीय शेयर बाजार ने आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए कारोबार की शुरुआत की। पहले घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती के एक और नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहे, लेकिन बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी ऊपरी स्तर से लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



▸▸ बाजार में मजबूती के बावजूद निवेशकों को 2.04 लाख करोड़ का नुकसान

▸▸ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जमकर बिकवाली

### मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में हुई बिकवाली

शेयर बाजार में आई मजबूती के बावजूद मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में हुई बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपति में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 465.68 लाख करोड़ रुपए (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.72 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.04 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया।

### टेलीकॉम सेक्टर में जबरदस्त बिकवाली

दिनभर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम सेक्टर में जबरदस्त बिकवाली हुई, जिसके कारण टेलीकॉम इंडेक्स 3 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। इसके अलावा आईटी, कैपिटल गुड्स, टेक, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स में भी बिकवाली का दबाव नजर आया। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज छोटे और मझोले शेयरों में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया।

### टॉप 5 गेनर्स और लूजर्स

दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी 2.37 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 1.75 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 1.49 प्रतिशत, नेस्ले 1.43 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, बीपीसीएल 3.47 प्रतिशत, कोल इंडिया 1.88 प्रतिशत, ओएनजीसी 1.77 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 1.44 प्रतिशत और श्रीराम फाइनेंस 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

### बीएसई में 4,075 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,075 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,246 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,734 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 95 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,470 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों की याचिका खारिज की

### वोडाफोन आइडिया का शेयर 19.07% गिरा, कंपनी पर ₹70,300 करोड़ का बकाया



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 19 सितंबर को एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) मामले में दाखिल की गई याचिका को क्यूरेटिव याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका को वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल सहित अन्य टेलीकॉम कंपनियों ने दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि टेलीकॉम डिपार्टमेंट की ओर से AGR बकाए की कैलकुलेशन में गंभीर गलतियां की गई हैं। याचिका खारिज होने का सबसे ज्यादा असर वोडाफोन आइडिया (VI) के शेयर में देखने को मिला। VI का शेयर 19.07% गिरकर 10.44 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। दरअसल VI पर वर्तमान में 70,300 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा - उसने क्यूरेटिव याचिकाओं और उससे जुड़े डॉक्युमेंट्स की गहन समीक्षा की है, लेकिन उसे टेलीकॉम कंपनियों की ओर पेश किया गया कोई भी मजबूत मामला नहीं मिला।

## पंजाब में बनेंगे लग्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू के पार्ट्स

- मॉडर्न ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने की भगवंत सिंह मान से मुलाकात
- मंडी गोबिंदगढ़ में लगेगा प्लांट, मुख्यमंत्री अगले महीने रखेंगे प्लांट की आधारशिला

**एजेंसी | चंडीगढ़**

मॉडर्न ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में निवेश के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की और पंजाब में अपने प्रोजेक्ट का विस्तार करने और लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू के अहम पार्ट्स बनाने की इच्छा जताई है।



### 150 करोड़ रुपए की लागत वाले 25 लाख यूनिट्स

मॉडर्न ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रतिनिधि आदित्य गोयल, सुहेल गोयल और मनीष बग्गा ने मुख्यमंत्री मान से मुलाकात की। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि मॉडर्न ऑटोमोटिव्स देश की पहली कंपनी है, जिसे जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ए.जी. म्यूनिख द्वारा पिनियन शाफ्ट की डिलीवरी के लिए मंजूरी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि 150 करोड़ रुपए की लागत वाले 25 लाख यूनिट्स के लिए ऑर्डर की पुष्टि हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि विकास और परीक्षण के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये के निवेश वाले मॉडल शामिल किए जाएंगे। यह पूरा काम एक ही स्थान पर होगा, जिससे अतिरिक्त उत्पादन इकाइयां जोड़ी जाएंगी और इससे न केवल और अधिक राजस्व आएगा बल्कि रोजगार के कई अवसर भी पैदा होंगे।

## ओडिशा में 39,271 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

**एजेंसी | भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार ने 39,271 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में 17,098 लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन व विनिर्माण (ईएसडीएम), इस्पात, मेटल डाउनस्ट्रीम, रसायन, सीमेंट, ग्रीन अमोनिया और रबर/प्लास्टिक सहित 12 प्रमुख औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं। ये परियोजनाएं



आठ जिलों खुर्दा, ढेंकनाल, जगतसिंहपुर, कटक, संबलपुर, गंजम, बालासोर और क्योंझर में स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि हमारी सरकार ओडिशा में औद्योगिक विकास व आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने वाले माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लॉजिस्टिक्स लागत एकल अंक पर आ जाएगी: गडकरी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक्स लागत अगले पांच वर्ष में घटकर एकल अंक में आ जाएगी। यहां 'डेलॉयट गवर्नमेंट समिट' में गडकरी ने कहा कि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। इससे भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। उनका लक्ष्य भारतीय मोटर वाहन उद्योग को विश्व में नंबर एक बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले वर्ष जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोटर वाहन बाजार बन गया था और केवल अमेरिका तथा चीन से पीछे था।

# चेन्नई टेस्ट के पहले दिन अश्विन का शतक

## जडेजा के साथ 195 रन की पार्टनरशिप की

एजेंसी । चेन्नई

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में गुरुवार से शुरू हुए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट खोकर 339 रन बना लिए। टीम ने एक समय 144 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन यहां से रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने नाबाद 195 रन की पार्टनरशिप कर दी। अश्विन ने होम ग्राउंड पर सेंचुरी लगाई, जबकि जडेजा 86 रन बनाकर नॉटआउट रहे। यशस्वी जायसवाल ने 56, ऋषभ पंत ने 39 और केएल राहुल ने 16 रन बनाए। रोहित शर्मा और विराट 6-6 रन बनाकर आउट हुए, वहीं शुभमन गिल खाता भी नहीं खोल सके। बांग्लादेश से हसन महमूद ने 4 विकेट लिए। 1-1 सफलता मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा को मिली। दूसरे दिन का शनिवार को सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।



### अश्विन की सेंचुरी और जडेजा की फिफ्टी

रविचंद्रन अश्विन 102 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने 74वें ओवर की तीसरी बॉल पर सिंगल लेकर सेंचुरी पूरी की। उनके टेस्ट करियर की यह छठी सेंचुरी है। जडेजा 86 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। यह जडेजा की 21वीं टेस्ट फिफ्टी है। उन्होंने 68वें ओवर में हसन महमूद की पहली बॉल पर एक रन लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की।

### पहला सेशन : रोहित, गिल, कोहली जल्दी आउट, जायसवाल-पंत ने संभाला

भारत-बांग्लादेश टेस्ट के पहले दिन का पहला सेशन मिलाजुला रहा। दिन के पहले घंटे में बांग्लादेशी पेसर्स ने उछाल और स्विंग से भारतीय बैटर्स को दबाव में डाला। हसन महमूद ने कप्तान रोहित शर्मा (6 रन), शुभमन गिल (शून्य) और विराट कोहली (6 रन) को पवेलियन भेजा। यहां भारतीय टीम का स्कोर 35 रन था। ऐसे में जायसवाल और पंत की साझेदारी ने भारत की वापसी कराई। लंच तक स्कोर 88/3 रहा।

### दूसरा सेशन : बांग्लादेश आगे, इंडिया का स्कोर 176/6

पहले दिन का दूसरा सेशन बांग्लादेश के नाम रहा है। इस सेशन में 3 विकेट गिरे और 88 रन बने, लेकिन पहले सेशन में पंत-जायसवाल की साझेदारी के दम पर इंडिया वापसी करने में कामयाब रहा था। टी-ब्रेक तक टीम इंडिया ने पहली पारी में 6 विकेट 176 रन बनाए।

### तीसरा सेशन : भारत के नाम रहा

पहले दिन का तीसरा सेशन भारत के नाम रहा है। टीम ने इस सेशन में बिना कोई विकेट खोए 163 रन बनाए। अश्विन ने सेंचुरी और जडेजा ने हाफ सेंचुरी लगाई।

### अश्विन-जडेजा की सेंचुरी पार्टनरशिप

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 7वें विकेट के लिए नाबाद सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली है। जडेजा ने 62वें ओवर में नाहिद राणा की बॉल पर सिंगल लेकर शतकीय साझेदारी की। टीम इंडिया ने छठा विकेट 144 रन पर गंवाया था। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 56 रन की पारी खेली। उन्होंने टेस्ट करियर की 5वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने तस्कीन अहमद की बॉल पर चौका जमाते हुए अर्धशतक पूरा किया।



# अंकिता रैना की दोहरी जीत

एजेंसी । मेलबर्न

भारतीय शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने आईटीएफ ऑस्ट्रेलिया चैलेंजर में दोहरी जीत दर्ज की। उन्होंने गुरुवार को युगल के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद एकल के क्वार्टर फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। अंकिता ने पहले ब्रिटेन की अपनी जोड़ीदार नाइक्सा बैंस के साथ मिलकर क्वार्टर फाइनल में जापान की ए इतो और सयाका इशी की जोड़ी को 6-1, 7-5 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त अंकिता-बैंस की जोड़ी का सामना अब भारत की श्रीवल्ली रश्मिका और ऑस्ट्रेलिया की तेनिका मैकगफिन से होगा। इसके बाद अंकिता ने एकल के अंतिम-16 में अपनी जोड़ीदार बैंस को 6-2, 6-4 से पराजित किया। अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए, छठी वरीय अंकिता की टक्कर जापान की इरी शिमिजु से होगी।

# क्रिस्टी का शिकार कर मालविका क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी । चांग्झू



भारत की युवा शटलर मालविका बंसोड ने एक और वरीय खिलाड़ी का शिकार कर क्वार्टर फाइनल का टिकट कटा लिया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी मालविका ने गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड की 25वीं रैंकिंग वाली क्रिस्टी गिलमोर को एक घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-16 से पराजित किया।

### क्रिस्टी राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पूर्व चैंपियन

क्रिस्टी राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पूर्व चैंपियन हैं। अब यामागुची से टक्कर : मालविका को अब तीसरे दौर में कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। उनके सामने शुक्रवार को दो बार की विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची होंगी। टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची मालविका ने पहले दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा, मै पहली बार किसी सुपर 1000 टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल खेलूंगी। यह सपना सच होने जैसा है और अब तक करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# शुक्रवार से होगी लीजेंड्स लीग क्रिकेट की शुरुआत

### जोधपुर में होंगे शुरुआती छह मैच

एजेंसी । जोधपुर




बरकतुल्ला खां स्टेडियम में एक बार फिर से चौकों-छक्कों की बारिश होने वाली है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का नया सीजन इस बार जोधपुर में बीस सितंबर से शुरू होने वाला है। टूर्नामेंट का पहला चरण बरकतुल्ला खां स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां इस सीजन के शुरुआती छह मैच होंगे। पूरा टूर्नामेंट चार चरणों में जोधपुर, सूरत, जम्मू और श्रीनगर में खेला जाएगा। छह टीमों के टूर्नामेंट का फाइनल 16 अक्टूबर को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में होगा।

### यह छह मैच होंगे जोधपुर में

*जोधपुर में 20 सितंबर को कोणार्क सूर्या ओडिशा बनाम मणिपाल टाइगर्स, 21 सितंबर को इंडिया कैपिटल्स बनाम हैदराबाद टीम, 22 सितंबर को मणिपाल टाइगर्स बनाम गुजरात टीम, 23 सितंबर को सदर्न सुपरस्टार्स बनाम गुजरात टीम, 25 सितंबर को हैदराबाद टीम बनाम सदर्न सुपरस्टार्स और 26 सितंबर को सदर्न सुपरस्टार्स बनाम गुजरात टीम के बीच मैच होगा। इसमें 24 सितंबर को कोई मैच नहीं होगा। मैचों के लिए टिकट लाइव हो गई हैं और टिकटों की कीमत 499 रुपये से शुरू होती है। लीग का दूसरा चरण 27 सितंबर को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम, तीसरा चरण तीन अक्टूबर से जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां 40 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हुई है। एलएलसी का अंतिम चरण 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में खेला जाएगा।*

# मैनचेस्टर सिटी पहली बार घर में नहीं कर सका गोल

एजेंसी । जिनेवा

मैनचेस्टर सिटी ने यूएफा चैंपियंस लीग में अपने अभियान का आगाज ड्रॉ के साथ किया। इर्लिंग हालैंड जैसे स्टार खिलाड़ी की मौजूदगी में मैनचेस्टर की टीम कोई गोल नहीं दाग सकी और इंटर मिलान ने उसे गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। हालैंड का मैनचेस्टर के लिए गोल का शतक लगाने का इंतजार बढ़ गया। चैंपियंस लीग के 40 घरेलू मुकाबलों में यह पहला मौका है जब सिटी की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं पिछले दो-ढाई साल में यह दूसरी बार है जब एतिहाद स्टेडियम में टीम गोल नहीं कर सकी। पिछले सत्र में आर्सेनल के खिलाफ भी गोलरहित ड्रॉ खेला था। नए लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में ये दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे। मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान से पहले बोलोगना और शख्तार दोनेत्स्क के बीच खेला गया मैच भी गोलरहित ड्रॉ रहा था।

# समरवीरा 20 साल तक ऑस्ट्रेलिया में नहीं दे सकेंगे कोचिंग



### विक्टोरिया की महिला टीम के साथ दुर्व्यवहार के लिए दोषी पाए जाने के बाद लगाया गया प्रतिबंध

एजेंसी । मेलबर्न

श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी और विक्टोरिया महिला टीम के कोच रहे दुलीप समरवीरा को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने कोचिंग से 20 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। उन्हें विक्टोरिया की महिला टीम के साथ दुर्व्यवहार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।


### क्या है मामला?

श्रीलंका के लिए सात टेस्ट और पांच वनडे खेलने वाले 52 वर्षीय समरवीरा को अगले दो दशक तक ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के अंतर्गत कोई पद संभालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने प्रतिबंध का समर्थन किया।

# शतरंज ओलंपियाड: भारत की जीत में चमके वैशाली, वंतिका और गुकेश







एजेंसी । बुडापेस्ट

ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को मात दी। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुआई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लेला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2.5-1.5 से हराया पराजित किया।

### टूर्नामेंट के चार दौर बाकी

ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। आर प्रज्ञानंदा ने यांग्यी यू से ड्रॉ खेला जबकि पी हरिकृष्णा को वांग युइ ने बराबरी पर रोका।

# सूर्या की 'कंगुवा' की रिलीज आगे खिसकी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'कंगुवा' 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज आगे खिसका दी है।

### 38 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

अब 'कंगुवा' 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'गर्व और गौरव की लड़ाई, जिसे दुनिया देखेगी।' 'कंगुवा' का शक्तिशाली शासन 14-11-24 से स्क्रीन पर छाने वाला है।' अब बॉक्स ऑफिस इस फिल्म का आलिया भट्ट की 'जिगरा' से नहीं होगा, जो 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी।

# तापसी पन्नू इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ आएंगी नजर

अभिनेत्री तापसी पन्नू को पिछली बार फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में देखा गया था। उनकी इस फिल्म और इसमें उनके अभिनय की खासी तारीफ हुई थी। तापसी की कई फिल्में आने वाली हैं और अब उनकी एक नई फिल्म से जुड़ी जानकारी सामने आई है। खबर है कि तापसी अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'तिरंगा' से जुड़ गई हैं। फिल्म के निर्माता ने खुद यह खुलासा किया है।




### तापसी का नाम हो चुका तय

फिल्म के निर्माता नरेंद्र हीरावत ने कहा, 'इस फिल्म में 2 अभिनेत्रियां होंगी, जिनमें से एक के लिए, तापसी के नाम पर मोहर लग चुकी है। हमें जल्द ही अब फिल्म के लिए दूसरी हीरोइन कास्ट करनी है। फिल्म के हीरो अक्षय ही हैं। इसे 45 अलग-अलग स्थानों पर शूट किया जाएगा। हम अगले साल 15 अगस्त के मौके पर फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।'

### नाना पाटेकर की इस फिल्म का रीमेक है अक्षय की फिल्म

फिल्म 'तिरंगा' के निर्देशन की कमान संजय पूरन सिंह चौहान ने संभाली है, वहीं अश्विन वर्दे, सुभाष काले और नरेंद्र हीरावत साथ मिलकर इसे बना रहे हैं। अक्षय इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। राज कुमार और नाना पाटेकर की 'तिरंगा' तो लगभग हर किसी ने देखी है। ये हिंदी सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है। बताया जा रहा है कि अक्षय की यह फिल्म पुरानी वाली 'तिरंगा' का ही रीमेक है। तापसी और अक्षय पहले 4 फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों सबसे पहले 2015 में फिल्म 'बेबी' के लिए साथ आए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिर वे 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम शबाना' में साथ नजर आए।

# 'द साबरमती रिपोर्ट' को मिली नई रिलीज तारीख




अभिनेता विक्रांत मैसी पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान रंजन चंदेल ने संभाली है, वामिका गब्बी की वेब सीरीज 'ग्रहण' के लिए जाने जाते हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' का निर्माता एकता कपूर हैं। यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब 'द साबरमती रिपोर्ट' की नई रिलीज तारीख सामने आ गई है।

### 15 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

'द साबरमती रिपोर्ट' अब 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने को तैयार है। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में विक्रांत के साथ राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा जैसी अभिनेत्रियां अपनी अदाकारी का तड़का लगाती हुई नजर आएंगी। बता दें कि विक्रांत को पिछली बार विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म '12वीं फेल' में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।

# भारत में रिलीज होगी 'रामायण'



भारत के महाकाव्य पर बनी एनिमेटिड फिल्म 'रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' आखिरकार लंबे इंतजार के बाद भारत में रिलीज होने जा रही है। 1993 में आई यह फिल्म उस वक्त भारत में रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन अब 31 साल बाद इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। हिंदी के साथ-साथ आप इस फिल्म को अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में देख पाएंगे। फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।

### 18 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म

'रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' एक जापानी-भारतीय एनिमेटेड फिल्म है। दोनों देशों के सहयोग से इसे बनाया गया था। फिल्म का निर्माण भारत के राम मोहन और जापान के युगो साको ने किया था। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अरुण गोविल और अमरीश पुरी समेत कई कलाकारों ने अपनी आवाज दी है। फिल्म को 18 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को IMDb पर 9.2 रेटिंग मिली है।



# स्वरा भास्कर का व्हाट्सऐप हैक

बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर का व्हाट्सऐप अकाउंट हैक हो गया है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक नोट साझा कर प्रशंसकों को यह जानकारी दी है। स्वरा ने लोगों से आग्रह किया कि वे उनके नंबर से प्राप्त संदेशों का जवाब न दें और उन्होंने कहा कि अगर कोई उनसे कोई पैसा या OTP मांगे तो वे उसे न भेज दें।

### स्वरा ने साझा किया नोट

स्वरा ने लिखा, 'मेरा व्हाट्सऐप अकाउंट शायद हैक हो गया है। अगर कोई भी व्यक्ति जो मेरे संपर्क में है/या नहीं है, उसे मुझसे कोई कोड, OTP, पैसा या कुछ भी साझा करने के लिए संदेश प्राप्त होता है तो कृपया जवाब न दें। उस नंबर को ब्लॉक कर दो। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह किस बारे में है।'

# 'तुम बिन' सिनेमाघरों में फिर हो रही रिलीज



अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तुम बिन' बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 13 जुलाई, 2001 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म में प्रियांशु चटर्जी, संदली सिन्हा, हिमांशु मलिक, राकेश बापट और अमृता प्रकाश जैसे सितारे नजर आए थे। लगभग 23 साल बाद 'तुम बिन' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है।

### एडवांस बुकिंग शुरू

'तुम बिन' 20 सितंबर, 2024 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें अनुभव फिल्म के बारे में बात करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'क्योंकि कुछ प्रेम कहानियां दोबारा अनुभव करने लायक होती हैं।' भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म OTT प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर भी उपलब्ध है।

न्यूज़ ब्रीफ

## थरूर होंगे विदेश संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर विदेश मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह शिक्षा विभाग से जुड़ी समिति का नेतृत्व करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी कृषि संबंधी स्थायी समिति और ओडिशा के कोरापुट से पार्टी सांसद सप्तगिरी उलका ग्रामीण विकास संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे। नई लोकसभा के गठन के बाद सरकार के साथ लंबी मंत्रणा के बाद मुख्य विपक्षी दल को लोकसभा की विदेश, कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी तीन स्थायी समितियों की अध्यक्षता मिली है। कांग्रेस को राज्यसभा की शिक्षा संबंधी स्थायी समिति की अध्यक्षता का उत्तरदायित्व भी मिला है। पार्टी ने अब इन समितियों के अध्यक्षों के नाम तय कर दिए हैं। हालांकि, संसद की स्थायी समितियों की अध्यक्षता को लेकर कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं आई है, लेकिन इसके जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

## सत्येंद्र जैन ने नई जमानत याचिका दायर की

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने धन शोधन मामले में नई जमानत याचिका दायर की। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जमानत आवेदन पर विशेष सीबीआई जज राकेश सयाल ने ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत जमानत अर्जी पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगी। वहीं मुख्य मामले में जहां आरोप पत्र पर बहस हो रही है को 5 अक्तूबर के लिए सूचीबद्ध किया है। सत्येन्द्र जैन की ओर से वकील विवेक जैन पेश हुए। जैन को मई 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। जैन की याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुकदमे के लंबित रहने के दौरान आरोपी को अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखा जा सकता। जैन की डिफ़ॉल्ट जमानत याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। उनकी पिछली जमानत अर्जी और अंतरिम जमानत अर्जी ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दी थी।

## भाजपा विधायक समेत सात पर दुष्कर्म का केस

**रामनगरम।** भाजपा विधायक मुनिरत्ना और छह अन्य के खिलाफ दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि 40 वर्षीय महिला ने शिकायत की कि एक निजी रिसॉर्ट में उसके साथ यह घटना हुई थी। इसी आधार पर बुधवार रात मामला दर्ज किया गया। पूर्व मंत्री मुनिरत्ना के खिलाफ नई प्राथमिकी ऐसे समय में दर्ज की गई है जब कुछ दिन पहले ही बेंगलुरु पुलिस ने उन्हें उत्पीड़न, धमकी और जातिवाद के आधार पर दुर्व्यवहार के आरोप में दर्ज दो मामलों के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

# सूटकेस में महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

**क्षत-विक्षत हालत में मिली लाश | हिरासत में एक संदिग्ध**

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला का शव सूटकेस में पड़ा मिला। रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को सुबह करीब 9:30 बजे चेन्नई के दक्षिणी उपनगर थोरईपक्कम के पास एक सूटकेस में महिला का शव मिला। पुलिस ने रिपोर्ट में कहा कि शव क्षत-विक्षत हालत में पाया गया है। मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार भी कर लिया गया है और पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीड़िता चेन्नई के मनाली इलाके की रहने वाली थी।



### एक संदिग्ध हिरासत में

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मुख्य संदिग्ध मणिकंदन को ट्रैक किया और शिवगंगा जिले से उसे हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान, संदिग्ध ने पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद दीपा की हथौड़े से हत्या करने की बात कबूल की। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने बताया कि उसने मृतिका के शरीर के टुकड़े किए, उसके अंगों को एक सूटकेस में रखा और फिर मौके से भाग गया। एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि मणिकंदन ने एक दलाल के जरिए महिला से संपर्क किया और उसे थोरईपक्कम बुलाया।

### भाई ने ट्रैक किया फोन

इधर, महिला के अचानक गायब होने से उसका परिवार चिंतित हो गया। महिला के भाई ने उसके मोबाइल फोन तक पहुंचने की कोशिश की और पाया कि वह बंद था। भाई ने फिर एक फीचर की मदद से उसके फोन को थोरईपक्कम में ट्रैक किया, जिससे स्थानीय पुलिस को सतर्क किया गया। पुलिस ने मृतिका के भाई को मनाली पुलिस स्टेशन में लापता होने की शिकायत दर्ज करने की सलाह दी। इस बीच, पुलिस को थोरईपक्कम में एक शव मिला। महिला के भाई से संपर्क किया गया, जिसने मृतिका की पहचान अपनी बहन के रूप में की।

# भाजपा का महिलाओं को 2100 प्रति माह और अग्निवीरों को नौकरी का वादा

- 20 प्रमुख वादे किए हैं भाजपा ने पार्टी के घोषणा पत्र में
- एमएसपी पर 24 फसलों की खरीद का वादा भी किया




एजेंसी | चंडीगढ़

भाजपा ने पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपए मासिक सहायता प्रदान करने, युवाओं के लिए दो लाख नौकरियों और राज्य के अग्निवीरों को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में संकल्प पत्र जारी किया। इसमें भाजपा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद का भी वादा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार पहले से ही 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 10 और फसल एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। भाजपा ने घोषणापत्र में जो 20 प्रमुख वादे किए हैं उनमें 'लाडो लक्ष्मी योजना के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपए प्रति माह देने का वादा भी शामिल है।

### युवाओं को दो लाख सरकारी नौकरी देने की भी घोषणा

सेना में अल्पकालिक भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से संबंध रखने वाले प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी। युवाओं को दो लाख सरकारी नौकरी और 'हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। भाजपा ने विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आने पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पांच लाख मकान बनाने और अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर देने का भी वादा किया है। देश के किसी भी सरकारी मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले हरियाणा के ओबीसी और एससी समुदाय के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# बिहार के 'सुपरकॉप' शिवदीप लांडे ने पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी | पटना



बिहार के 'दबंग' आईपीएस अफसरों में शुमार शिवदीप लांडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी है। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षों से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी वर्षों में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है। शिवदीप लांडे ने आगे लिखा कि अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस (IPS) से त्यागपत्र दिया है, परन्तु मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी। जय हिन्द। शिवदीप लांडे फिलहाल पूर्णिया रेंज के आईजी के पद पर तैनात थे। दो हफ्ते पहले वह पूर्णिया रेंज के आईजी बनाए गए थे।

# 21 सितंबर को होगी आतिशी के साथ नई कैबिनेट की शपथ

**मुकेश अहलावत नया चेहरा □ गोपाल राय-सौरभ भारद्वाज समेत 4 पुराने चेहरे**

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गईं आतिशी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगी। आतिशी अपनी कैबिनेट के साथ शपथ लेंगी। कैबिनेट में मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। AAP ने बताया कि मुकेश सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। अहलावत दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। वे आम आदमी पार्टी (AAP) का दलित चेहरा हैं। दिल्ली सरकार की कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत सात सदस्य हैं। नए मुख्यमंत्री और नए सदस्यों का कार्यकाल छोटा होगा, क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 तक है। कैबिनेट में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन मंत्री पद पर बरकरार रहेंगे। सातवें सदस्य के नाम की घोषणा अभी नहीं की गई है। अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद उन्हें मुख्यमंत्री चुना गया। इसी दिन केजरीवाल ने अपना इस्तीफा दिया था।

### कैबिनेट में अभी 6 मंत्री, एक के नाम का ऐलान बाकी



आतिशी के पास इस समय वित्त, राजस्व, पीडब्ल्यूडी और शिक्षा समेत 13 प्रमुख विभाग हैं। गोपाल राय पर्यावरण, विकास और सामान्य प्रशासन के प्रभारी हैं। सौरभ भारद्वाज स्वास्थ्य, पर्यटन और शहरी विकास विभाग के अलावा अन्य विभागों की जिम्मेदारी संभालते हैं। गहलोत के पास परिवहन, गृह और महिला एवं बाल विकास विभाग हैं, जबकि इमरान हुसैन खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री हैं। दिल्ली के सुल्तानपुर माजरा से विधायक अहलावत को समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर शामिल किया गया है। आनंद ने अप्रैल में केजरीवाल सरकार से इस्तीफा दे दिया और आप छोड़ दी।

### राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त था पन्नू

**पन्नू :** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि 1967 के गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत इसे बैन किया था। पन्नू भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के उद्देश्य से राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त था।

### अमेरिकी और कनाडाई नागरिकता

अमेरिकी और कनाडाई नागरिकता रखने वाला पन्नू भारत द्वारा घोषित आतंकवादी है। इससे पहले नवंबर में अमेरिकी न्याय विभाग ने सिख अलगाववादी आंदोलन के एक अमेरिकी नेता और न्यूयॉर्क में एक नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में कथित संलिप्तता के लिए एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अभियोग खोला था।

रेल हादसे की साजिश!

# पटरी पर रखा था टेलीकॉम का खंभा, लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

एजेंसी | नई दिल्ली

एक लोको पायलट की सतर्कता और सूझबूझ ने एक बड़े रेल हादसे को टाल दिया। यह घटना उत्तराखंड के बिलासपुर रोड और रुद्रपुर सिटी के बीच की है। दरअसल, 18 सितंबर की रात को ट्रेन संख्या 12091 बिलासपुर रोड से रुद्रपुर की ओर जा रही थी। रात के करीब 10 बजे रहे थे। गाड़ी अपनी रफ्तार में गंतव्य की ओर बढ़ रही थी। इसी बीच लोको पायलट को ट्रैक पर कुछ रखा हुआ दिखा। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।



### GRP ने 3 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के बाद पटरी पर रखे टेलीकॉम के पुराने खंभे को वहां से हटाया और फिर ट्रेन को सुरक्षित वहां से रवाना किया। उत्तर रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक आरपीएफ ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद इस बात की जांच शुरू कर दी है कहीं यह ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोई साजिश तो नहीं है। इस मामले में GRP ने 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ कि जा रही है।




## कैंसर से निपटने को महत्वाकांक्षी पहल का अनावरण करेंगे क्वाड नेता

**नई दिल्ली।** क्वाड के शीर्ष नेता शनिवार को अमेरिका के विलमिंगटन में अपने वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए एकत्रित होंगे। इस दौरान वह कैंसर रोगियों और उनके परिवारों पर इसके प्रभाव को रोकने, पता लगाने, निदान और कम करने के लिए एक 'महत्वपूर्ण पहल का अनावरण करेंगे।

दिल्ली वक्फ बोर्ड मामला

## अमानतुल्लाह खान की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया। गुरुवार को अदालत में ईडी ने याचिका पर प्रारंभिक आपत्ति जताई है। मामले की सुनवाई 18 अक्तूबर को होगी। ईडी की तरफ से अधिवक्ता जोहैब हुसैन पेश हुए जबकि खान की तरफ से अधिवक्ता विक्रम चौधरी अदालत के समक्ष प्रस्तुत हुए। ईडी ने विधायक को ओखला स्थित आवास पर तलाशी लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दो सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। अमानतुल्लाह खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से जुड़ा है। ईडी ने अपनी अभियोजन शिकायत (चार्जशीट के बराबर) में पांच लोगों को नामित किया है, जिसमें खान के तीन कथित सहयोगी, जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी शामिल हैं। ईडी ने कहा कि यह तलाशी कर्मचारियों की कथित अवैध भर्ती और 2018-2022 के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देने के माध्यम से आरोपियों द्वारा किए गए व्यक्तिगत लाभ से संबंधित मामले में की गई थी, जबकि उस समय अमानतुल्लाह खान बोर्ड के अध्यक्ष थे।

# राहुल को आतंकी कहने पर केंद्रीय मंत्री बिट्टू पर एफआईआर

**मंत्री बोले- संसद में भी बोलूंगा, गांधी परिवार ने पंजाब को जलाया**

एजेंसी | नई दिल्ली

राहुल गांधी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी ने इसकी शिकायत की थी। बिट्टू पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) (झूठी जानकारी या अफवाह फैलाना), 192 (दंगा भड़काने की कोशिश) और 196 (धर्म और जाति के आधार पर नफरत फैलाना) के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं अपने बयान पर माफी नहीं मागूंगा, बल्कि संसद में भी बोलूंगा कि गांधी परिवार ने पंजाब जलाया। हमने पंजाब में अपनी कई पीढ़ियां खोई हैं।



### क्या कहा बिट्टू ने ?

दरअसल, बिट्टू ने 15 सितंबर को कहा था कि राहुल गांधी देश के नंबर-1 आतंकवादी हैं। उनको पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

### नड्डा का खड़गे को जवाब, कहा- राहुल की करतूतें न भूलें

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 18 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ओपन लेटर लिखा। नड्डा ने लिखा कि आप राहुल गांधी समेत अपने नेताओं की करतूतों को भूल गए हैं या फिर उन्हें जानबूझ कर नजरअंदाज किया। यह उस चिट्ठी का जवाब है, जो खड़गे ने 17 सितंबर को PM मोदी के नाम लिखी थी। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**जांच-पड़ताल** पिता ने की अस्पताल में लगे सीसीटीवी की तस्वीरों को भी सुरक्षित रखने की भी अपील

# सीबीआई से बेटी के कॉल रिकॉर्ड सुरक्षित करने की अपील

एजेंसी | कोलकाता

आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार हुई महिला डॉक्टर के पिता ने मामले की जांच कर रही सीबीआई से बेटी के कॉल रिकॉर्ड को सुरक्षित करने की अपील की है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक पिता ने एजेंसी को बताया कि हत्या से महज कुछ घंटे पहले उन्होंने फोन पर बेटी से बात की थी। पिता ने सीबीआई को लिखे पत्र में अधिकारियों से अस्पताल में लगे सीसीटीवी की तस्वीरों को भी सुरक्षित रखने की अपील की। इनमें खासतौर पर जिस मंजिल पर सेमिनार हॉल है, उसे शामिल करने को कहा गया। महिला डॉक्टर का शव नौ अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में ही मिला था।



### सुप्रीम कोर्ट के साथ साझा किया पत्र

सीबीआई सूत्र ने बताया कि मृतका के पिता ने हमें पत्र लिखा और हमसे कॉल रिकॉर्ड को सुरक्षित करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि पत्र के साथ अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या की जांच को लेकर यथास्थिति रिपोर्ट 17 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से साझा की गई।

### पत्र में लाचारी और चिंता जताई

मृतका के पिता ने दो पन्ने के पत्र में बेटी की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए की जा रही जांच में अपनी लाचारी और चिंता व्यक्त की। उसने सीबीआई अधिकारियों से ड्यूटी चार्ट भी बरामद करने का अनुरोध किया ताकि पता लगाया जा सके कि आठ अगस्त की रात उनकी बेटी के साथ और कौन-कौन तैनात था। मृतका के माता-पिता ने सीबीआई के समक्ष आशंका जताई है कि अपराध में कई अन्य प्रशिक्षु और डॉक्टर संलिप्त हो सकते हैं।

### पूर्व प्राचार्य का चिकित्सा पंजीकरण रद्द

पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद (डब्ल्यूबीएमसी) ने सरकारी आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामलें में इस समय सीबीआई की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी द्वारा तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम 19 सितंबर को हटा दिया गया। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया।

### नवनियुक्त पुलिस आयुक्त ने अस्पताल का दौरा किया

नवनियुक्त कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने गुरुवार को आरजी कर अस्पताल का दौरा किया। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी संभाग) दीपक सरकार के साथ वर्मा अस्पताल परिसर में 30 मिनट से अधिक समय तक रहे। वहां उन्होंने आपातकालीन खंड की दूसरी मंजिल पर अपराध स्थल का दौरा किया और अस्पताल के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल का दौरा करने से पहले तीन पड़ोसी पुलिस थानों (कोसीपोर, सिंथी, ताला) के अधिकारियों के साथ बैठक की। आरजी कर अस्पताल ताला पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है।